
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित




haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

## जेम पोर्टल के जरिए खरीदी, एक करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी, महासमुंद में कॉलेज के प्राचार्य समेत 5 सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बड़ी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में सरकारी धन के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। जेम पोर्टल के माध्यम से करीब 1.06 करोड़ रुपये की खरीदी में वित्तीय अनियमितता बरतने पर उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कड़ा रुख अपनाया ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ये हुए निलंबित, एफआईआर भी होगी

निलंबित होने वालों में प्राचार्य डॉ. एसएस तिवारी के अलावा शासकीय कॉलेज पिथौरा के चार सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. बृहस्पत सिंह विशाल, पीठी सिंह ठाकुर और डॉ. एसएस दीवान शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन सभी का मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, रायपुर ▶▶|शेष पेज 6 पर




### अपनों को उपकृत करने का खेल

जांच में सामने आया कि जिन तीन प्रमुख फर्मों, सागर इंडस्ट्रीज, सिंघानिया ग्रुप और ओशन इंटरप्राइजेस से खरीदी की गई, वे संभवतः जांजगीर के एक ही परिवार की हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## कर्तव्य पथ पर नजर आएगी छग की झांकी, जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश का पहला डिजिटल संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बड़ी उपलब्धि

गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस वर्ष छत्तीसगढ़ की झांकी में जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की अद्भुत झलक प्रदर्शित की ▶▶|शेष पेज 6 पर

### गणतंत्र दिवस समारोह के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन

#### वंदे मातरम् पर आधारित

जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वतंत्रता का मंत्र – वंदे मातरम्' पर आधारित है। झांकी में उन जनजातीय वीर नायकों के अद्वितीय बलिदान और संघर्ष को दर्शाया गया है, जिनके ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### गौरव का विषय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, गणतंत्र दिवस की परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। झांकी के माध्यम से देश के पहले डिजिटल संग्रहालय में जनजातीय वीर नायकों ▶▶|शेष पेज 6 पर

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹102716/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹125450/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹136940/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

### तड़के छह बजे कार्रवाई करने पहुंची ईडी की टीम, पूछताछ के लिए एक को हिरासत में लेने की सूचना

# भारतमाला केस में ईडी की इंट्री, रायपुर और महासमुंद में भू-माफिया के नौ ठिकानों पर छापे

*भारतमाला परियोजना भू-अर्जन मुआवाजा घोटाला केस में ईडी ने जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा सहित उसके रिश्तेदार तथा घोटाले में शामिल अफसरों के नौ ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। रायपुर तथा महासमुंद में तड़के छह बजे अफसरों ने धावा बोला। सूत्रों के मुताबिक घोटाला से जुड़े एक आरोपी को ईडी ने पूछताछ करने हिरासत में लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतमाला परियोजना में 43 करोड़ रुपए भू-अर्जन मुआवाजा घोटाले में ईडी जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा के साथ उसके ससुर महासमुंद, मेघ बसंत कालोनी निवासी जसबीर सिंह बग्गा के निवास पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची थी। ईडी की 10 सदस्यी टीम चार गाड़ियों में तड़के पहुंची। बताया जा रहा है, ईडी की टीम जसबीर सिंह बग्गा के आर्यन होंडा शोरूम में जांच करने गई थी। जिन लोगों के ठिकानों पर ईडी की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची, उनके यहां घोटाला से जुड़े डिजिटल साक्ष्य कलेक्ट करने के साथ उनसे पूछताछ की है। हरमीत सिंह घोटाले का मुख्य आरोपी ▶▶|शेष पेज 6 पर


प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण करने 43 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था

भारतमाला भू-अधिग्रहण में हेरफेर कर 78 करोड़ का भुगतान, दस के खिलाफ 7000 पेज का चालान

हरिभूमि फॉलोअप

यह है पूरा मामला



### हरमीत को 23 करोड़ रुपए मिलने का दावा

भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला को लेकर ईओडब्लू ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें बताया गया है कि घोटाला में हरमीत सिंह खनूजा को 23 करोड़ रुपए मिले। जिन्हें ज्यादा मुआवजा मिला, उनके अकाउंट से हरमीत को पैसे ट्रांसफर हुए हैं। कोर्ट में पेश चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि राजस्व अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर तथा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बैक डेट में दस्तावेज तैयार कर घोटाला

43 करोड़ रुपए के भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला में जमीन को टुकड़ों में बांटकर एनएचएआई को 78 करोड़ का भुगतान दिखाया गया। इसके लिए एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैक डेट पर दस्तावेज बनाकर घोटाले को अंजाम दिया। घोटाला सामने आने के बाद कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सस्पेंड किया गया। इसके पूर्व जगदलपुर निगम कमिश्नर निर्भय साहू को भी सस्पेंड किया गया था। शशिकांत और निर्भय पर जांच रिपोर्ट तैयार होने के 6 महीने बाद कार्रवाई हुई थी।


### जांच के दायरे में अधिकारी व कर्मी

घोटाले की जांच के दायरे में राजस्व विभाग के अधिकारी के साथ कर्मी शामिल हैं। मामले की ईओडब्लू अलग से जांच कर रही है। ईओडब्लू ने तीन माह पूर्व घोटाले को लेकर आठ हजार पन्नों का कोर्ट में चालान भी पेश किया है। ईओडब्लू की चार्जशीट में राजस्व विभाग के अधिकारी तथा कर्मी भी आरोपी बनाए गए हैं। ईओडब्लू ने 10 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है।

### मुआवाजा हासिल करने 80 नाम चढ़ाए गए

*राजस्व रिकार्ड के हिसाब से भू-अर्जन मुआवाजा राशि 29.5 करोड़ रुपए बन रही थी। अभनपुर के ग्राम नायकबांधा और उरला में भू-माफिया ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर जमीन को छोटे टुकड़ों में काटकर 159 खसरे में बांट दिया। मुआवजा के लिए 80 नए नाम रिकॉर्ड में चढ़ा दिए गए। इससे 559 मीटर जमीन की कीमत करीब 29.5 करोड़ से बढ़कर 70 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई। अभनपुर बेल्ट में 9.38 किलोमीटर के लिए 324 करोड़ मुआवजा राशि निर्धारित की गई। इसमें से 246 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं 78 करोड़ रुपए का भुगतान अभी रोक दिया गया है।*

## छग में तीन दिन रहेंगे भागवत आज आएंगे, कल हिंदू सम्मेलन और युवा संवाद में होंगे शामिल



हिंदू सम्मेलन, युवा संवाद और सामाजिक सद्भावना बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत तीन दिनों के रायपुर प्रवास पर मंगलवार की रात 8.30 बजे नियमित विमान से रायपुर पहुंचेंगे। 31 दिसंबर को जहां वे युवा संवाद और हिंदू सम्मेलन में शामिल होंगे, वहीं एक जनवरी को राम मंदिर में सामाजिक सद्भावना बैठक में भी रहेंगे। इसके बाद वे शाम तक लौट जाएंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रदेशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के पास अभनपुर स्थित सोनपैरी गांव में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 31 दिसंबर को दोपहर तीन बजे किया गया है। इसकी तैयारी अंतिम चरण पर है। दस एकड़ क्षेत्र में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश भर से हिंदू समाज के 30 हजार से ज्यादा लोग जुटेंगे। सोनपैरी गांव में होने वाले सम्मेलन में राष्ट्रीय संत असंग देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और ▶▶|शेष पेज6 पर

### एम्स में होगा युवा संवाद

31 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन से पहले सुबह को 9 से 12 बजे तक एम्स में युवा संवाद का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में भी डॉ. मोहन भागवत रहेंगे। इस कार्यक्रम के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सीए, व्यापारी सहित कई वर्गों के करीब दो हजार युवाओं को बुलाया गया है। आरएसएस जनवरी में प्रदेश भर में युवा सम्मेलन आयोजित करेगा, यह इसी कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

### एक को बैठक

नए साल के पहले ही दिन एक जनवरी को राम मंदिर में सामाजिक सद्भावना बैठक आयोजित की गई है। सुबह को 9 से 12 बजे तक होनी वाली बैठक में डॉ. मोहन भागवत रहेंगे। इस बैठक में सभी समाज के प्रदेश प्रमुखों को बुलाया गया है। बैठक में सामाजिक विषयों पर ही चर्चा होगी।

## खबर संक्षेप

### पुंछ के सीमावर्ती गांव में मिला ड्रोन

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक खेत में एक अज्ञात ड्रोन को पुलिस ने सोमवार को जब्त कर लिया। जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह को दोपहर मेंढर सेक्टर के गोहलेड गांव में एक खेत में ड्रोन होने की सूचना मिली। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर भेजी गई और ड्रोन को बरामद कर लिया गया। ड्रोन के मालिक की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

### एक्सप्रेस ट्रेन में फर्जी टिकट निरीक्षक गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन में रेलवे टिकट निरीक्षक बनकर यात्रियों के टिकट जांच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 26 दिसंबर को मनमाड और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच चलने वाली तपोवन एक्सप्रेस में हुई। उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र राजेंद्र मौर्य (27) को उस समय पकड़ा गया।

### टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में आग, एक यात्री जिंदा जला

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में यहां से 66 किलोमीटर दूर यलमंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली। पुलिस के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे। दुर्भाग्य से, बी-1 कोच से एक शव मिला।

## कर्मचारी ने व्यवसायी के सिर पर वार कर 20 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

देर रात व्यवसायी पर हमला कर 20 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। लूट के चंद घंटों के भीतर ही पुलिस ने लूट की रकम बरामद कर ली, जबकि अब इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले से व्यवसायी के मोबाइल दुकान में काम कर चुका है और काम से ▶▶|शेष पेज 6 पर



### चल रही है जांच

*पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की रकम 20 लाख रुपए बरामद कर लिया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।*

*-अमोलक सिंह ढिल्लो*
*एएसपी सरगुजा*

### एक महीने से बना रहे थे योजना

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि लूट का मुख्य आरोपी दीपक दास पूर्व में व्यवसायी के दुकान में काम करता था लेकिन बाद में उसकी संदिग्ध गतिविधियों और गड़बड़ी के कारण व्यवसायी ने काम से ▶▶|शेष पेज 6 पर

मुंबई के भांडुप में बड़ा हादसा

## बस ने रिवर्स के दौरान 13 को कुचला, 4 की मौत, 9 घायल

**मुंबई।** भांडुप में सोमवार (29 दिसंबर) की रात बेस्ट बस ने रिवर्स के दौरान कई लोगों को टक्कर मार दी. हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं. हादसे में 9 लोग जख्मी हैं, जिसमें एक महिला और 8 पुरुष हैं. घायलों को अस्पताल ले जाया गया. पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

### हादसे के कारणों की जांच जारी

वहीं, एम.टी. अग्रवाल अस्पताल में 3 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया. हादसे में जख्मी 9 लोगों का यहां इलाज किया जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।




डॉ. हिमांशु द्विवेदी

## दार अस सलाम से सेरंगेट्टी तक तंजानिया की धड़कनों के बीच सफर

जिसकी दिलचस्पी वन्य जीवन है उसे दार अस सलाम में एक दिन बिताना भी भारी ही लगेगा, खासकर तब जब चमकते सूरज के चलते उमस भरी गर्मी ना चाहते हुए भी आपके बदन से बेहिसाब पसीना निकाल दे रही हो। तंजानिया प्रवास पर आने वाले तमाम पर्यटकों की तरह अपनी भी मंजिल सेरंगेटी नेशनल पार्क ही है और वहां पहुंचने का सबसे बेहतर तरीका स्थानीय विमान सेवा ही है। आपको बता ही चुका हूं कि यहां सड़को की हालत हद से ज्यादा खराब है और रेल नेटवर्क भी अभी ठीक से विकसित हुआ नहीं है। लिहाजा आप कितने ही जमीन से जुड़े व्यक्ति हों लेकिन यहां आपको हवा में ही रहना चाहिए।


विकल्प तो दार अस सलाम से सीधे सेरंगेटी स्थित हवाई पट्टी पर चार्टर फ्लाइट से उतरने का भी रहता है लेकिन जेब के लिहाज से बेहतर है कि रेगुलर फ्लाइट से मवांजा या अरुषा उतरा जाए। यह दोनो ही बेहद सुंदर शहर बताए जाते हैं। हमारी मंजिल मवांजा है जो ताजे पानी की झील लेक विक्टोरिया ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि खास

*राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है।*

सफरनामा 2





### आकर्षण का केंद्र 'मसाई-मारा'

दुनिया भर के प्रेमियों के बीच बेहद आकर्षण का केंद्र है 'मसाई-मारा'। केन्या स्थित यह उद्यान सेरेंगेट्टी के साथ मिलकर ही विश्व प्रसिद्ध वार्षिक पशु प्रवासन को सदियों से अंजाम देते आ रहे हैं। इसके तहत बीस लाख से अधिक विल्डर बीस्ट, आठ लाख से अधिक जेब्रा हजारों किलोमीटर की यात्रा स्व अनुशासन में भोजन की तलाश में तय करते हैं। वर्ष भर चलने वाले इस प्रवासन में यह पशु महज तीन माह मसाई मारा में और नौ माह सेरेंगेट्टी में बिताते हैं। लाखों की संख्या में गजेल(हिरन की प्रजाति) भी इसका हिस्सा होते हैं लेकिन वह सरेंगेट्टी का इलाका पार नहीं करते। मसाई मारा के मायने क्या हैं , यह आपको कल बताते हैं।



# ऐतिहासिक फैसलों, साहस और उपलब्धियों का साल

## देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने चंद्रपुरम पोनुसामी



चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति बने। 2024 से महाराष्ट्र के 24वें राज्यपाल थे। वह भारतीय जनता पार्टी के सदस्य थे और कोयंबतूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी थे। 4 मई 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे, श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करके, वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने से पहले, श्री राधाकृष्णन का एक वस्त्र निर्यातक के रूप में एक लंबा और सफल कॅरियर रहा।



### मिसेस यूनिवर्स का खिताब पहली बार भारत ने जीता

भारत ने पहली बार मिसेस यूनिवर्स का खिताब शेरी सिंह के रूप में जीता है। यह प्रतियोगिता अक्टूबर 2025 में फिलीपींस के मनीला में आयोजित 48वें संस्करण में हुई। जहां शेरी सिंह ने महिला सशक्तीकरण और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ यह ऐतिहासिक जीत हासिल की, और भारत को यह ताज पहली बार दिलाया।




### वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अंतरिम आदेश

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सितंबर 2025 में एक अंतरिम आदेश पारित किया, जिसमें अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों, जैसे जिला कलेक्टरों को वक्फ संपत्तियों पर एकतरफा निर्णय लेने की शक्ति, वक्फ बनाने के लिए 5 साल की इस्लाम पालन की शर्त और गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति पर लगी सीमा, के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है, जबकि पूरे कानून को रद्द करने से इनकार कर दिया। यह आदेश संवैधानिक सुरक्षा उपायों और सुधारों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश में जिला कलेक्टरों को वक्फ संपत्तियों के स्वामित्व पर एकतरफा निर्णय लेने के अधिकार को निलंबित कर दिया गया है।

### न्यूयॉर्क सिटी को मिला नया और ऐतिहासिक चेहरा!


34 साल के जोहरान ममदानी बने शहर के पहले भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम मेयर। राजनीति, कला और सामाजिक मुद्दों में सक्रिय ममदानी अपनी नई सोच से बदल सकते हैं न्यूयॉर्क का भविष्य। अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी और डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स ऑफ़ अमेरिका के सदस्य के रूप में, वे 2021 से क्वींस के न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के 36वें ज़िले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे न्यूयार्क के 111वें महापौर के रूप में अपना कार्यकाल 1 जनवरी 2026 को शुरू करेंगे।



### शुभांशु शुक्ला बने आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जिन्होंने जून-जुलाई 2025 में निजी एक्सिओम-4 मिशन के तहत यह उपलब्धि हासिल की और भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट के रूप में देश के लिए अंतरिक्ष में एक नया इतिहास रचा है, जो भारत के गगनयान मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नासा की पूर्व अनुभवी पैगी व्हिटसन के नेतृत्व में और ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा संचालित, एक्स-4 26 जून को आईएसएस पर पहुंचा था।




### पॉप स्टार कैटी ने स्पेस फ्लाइट में लिया भाग


पॉप स्टार कैटी पेरी ने अप्रैल 2025 में ब्लू ओरिजिन की न्यू शेपर्ड रॉकेट से एक ऐतिहासिक ऑल-फीमेल स्पेस फ्लाइट (एनएस -31) में भाग लिया, जिसमें वह गेल किंग और अन्य महिलाओं के साथ अंतरिक्ष की सीमा तक गईं; यह लगभग 11 मिनट की यात्रा थी जो 1963 के बाद पहली ऐसी मिशन थी, और कैटी ने इसे 'घर जैसा कोई जगह नहीं' कहते हुए अपनी बेटी और दूसरों को प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पल बताया।



### लियो-14 बने नए पोप

कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को 8 मई, 2025 को पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नया पोप चुना गया और उन्होंने पोप लियो (लियो-14) के रूप में पदभार संभाला है, जो इतिहास के पहले अमेरिकी पोप हैं, जिन्होंने शिकागो, अमेरिका में जन्म लिया और ऑगस्टिनियन पादरी रहे हैं, और अब वे कैथोलिक चर्च का नेतृत्व कर रहे हैं. लियो 14 (रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट; जन्म 14 सितंबर, 1955) कैथोलिक गिरजाघर के पोप और वैटिकन सिटी के प्रमुख हैं। शिकागो, इलिनोइस में जन्मे प्रीवोस्ट ने अपना प्रारंभिक पादरी जीवन, ऑर्डर ऑफ सेंट ऑगस्टीन को समर्पित किया।

## जब छोटी-छोटी चीजें बन गईं ग्लोबल सनसनी




### जेन जी नया स्लैंग '6-7' बना वर्ड ऑफ ईयर

क्यों खास है यह 'वर्ड ऑफ द ईयर'। यह दिखाता है कि भाषा अब केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब वह इंटरनेट की रफ्तार और ह्यूमर के साथ बदल रही है। '6-7' इस बात का प्रतीक है कि आज की पीढ़ी के लिए अभिव्यक्ति का तरीका कम शब्दों में, ज्यादा अंदाज से कहना है और अगर वो बात समझ भी न आए, तब भी उसका मजा जरूर है। '6-7' इस साल की ऑनलाइन संस्कृति और सोशल मीडिया की सोच को बखूबी दर्शाता है। यह शब्द नहीं, बल्कि एक तरह का इंटरनेट मीम और मजाकिया फीलिंग है, जिसे समझना आसान नहीं पर इसे इस्तेमाल करना बेहद मजेदार है।

### स्टेट्स सिंबल बनी लबुलु खिलौने की दीवानगी

'लाबुबू' एक वायरल खिलौना है जिसने 2024-2025 में ग्लोबल स्टेटस सिंबल का रूप ले लिया है, जिसे हांगकांग के आर्टिस्ट कासिंग लुंग ने बनाया है और पॉप मार्ट कंपनी बेचती है; इसकी शरारती मुस्कान, नुकीले कानों और 'ब्लाइंड बॉक्स' फॉर्मेट के कारण यह सेलिब्रिटीज और जेन जेड के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है, जो इसे खरीदने के लिए घंटों लाइनें लगाते हैं और दुर्लभ एडिशन लाखों के बिक रहे हैं, जिससे यह एक बड़ा कल्चरल ट्रेंड बन गया है। सोशल मीडिया पर इन दिनों 'लाबुबू डॉल' नाम की एक अजीबोगरीब दिखने वाली गुड़िया ने धूम मचा रखी है। बड़ी-बड़ी आंखें, नुकीले दांत और शैतानी मुस्कान वाली ये गुड़िया इतनी मशहूर हो गई है कि इसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच गई है। हाल ही में तो बीजिंग में 131 सेंटीमीटर की लाबुबू डॉल 1.2 करोड़ रुपए में नीलाम हुई।



### जैमिनी नैनो बनाना टूल टेक्नॉलजी लवर्स के दिलों पर छाया



गूगल का बनाना एआई टूल अभी टेक्नॉलजी लवर्स के दिलों पर छाया हुआ है। लोग तस्वीरों को अलग-अलग रूप में ढाल रहे हैं। गूगल ने नैनो बनाना को अपने जैमिनी एआई टूल में ही इंटिग्रेट किया है। नई-नई तकनीक से प्यार करने वालों के बीच इन दिनों गूगल का फोटो ट्रांसफॉर्मर टूल नैनो बनाना काफी चर्चा में है। लोग इस पर तस्वीरें डालकर उसे तरह-तरह की डिजाइन में ट्रांसफॉर्म कर रहे हैं। गूगल ने अपने एक ब्लॉग में बताया है कि आप तस्वीरों को कौन-कौन सा रूप दे सकते हैं। टाइम ट्रैवल टी पार्टी: आप अपनी जवानी और बचपन की तस्वीर साथ-साथ तैयार कर सकते हैं। एक ही तस्वीर में आप एक जवान व्यक्ति और एक बालक के रूप में दिख सकते हैं। गूगल ने नैनो बनाना एआई को अपने एआई टूल जैमिनी मेटिग्रेट किया है। इसके उपयोग से आप किसी भी तस्वीर को अपनी कल्पना के मुताबिक कोई सा भी रूप दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया 2025 में आईआईटी बाबा से लेकर मोनालिसा तक रातों रात बन गए स्टार

साल 2025 में सोशल मीडिया ने कई लोगों को रातों रात स्टार बना दिया और उनकी किस्मत बदल गई। इनमें आईआईटी बाबा, राजू कलाकार, मोना लिसा, बंदाना गर्ल और मेकअप आर्टिस्ट सोनाली जैसे सामान्य भारतीयों को नाम शामिल हैं। इन लोगों को सोशल मीडिया ने अलग पहचान दी है। इंटरनेट ने एक बार फिर अपनी ताकत को साबित कर दिखाया है। एक छोटा से वीडियो लोगों अलग पहचान दिलाने और लोगों के दिल तक पहुंचाने के लिए काफी होता है। 2025 में कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अचानक चर्चा का विषय बन गए।

### आईआईटी बाबा




आईटीटी बाबा भी 2025 में छाए रहे। वो पहले IIT के छात्र थे, लेकिन बाद में उन्होंने संन्यास ले लिया। महाकुंभ के दौरान उनके शांत स्वभाव और जीवन पर दिए गए विचारों के कारण उनका वीडियो वायरल हो गया है। उनके साधारण जीवन, सोच और शांति के संदेशों से काफी प्रभावित हुए। वो अभी कोई वीडियो पोस्ट करते हैं, तो वायरल हो जाता है।

### सोनाली



कोल्हापुर की मेकअप आर्टिस्ट सोनाली ने 2025 में सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग इवेंट में रिहाना के ग्लैमरस लुक को बिल्कुल वैसा ही तैयार किया। उनका मेकअप ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो खूब वायरल हुए और देशभर में पहचान मिली।



### मोनालिसा



मोनालिसा किसी गाने या भाषण की कोई से नहीं, बल्कि वो अपने चेहरे और आत्मविश्वास के कारण वायरल हो गईं। उनका महाकुंभ का एक छोटा सा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिससे वो रातों रात स्टार बन गईं। लोग उनकी आंखों और अंदाज की तारीफ खूब सराहना करने लगे। इस वायरल वीडियो के बाद उन्हें मॉडलिंग और ब्रांड ऑफर मिलने लगे हैं।

### राजू कलाकार



एक सामान्य इंसान राजू कलाकार को उनकी गायकी ने उन्हें खास बना दिया। उनके गाने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। बिना किसी तामझाम के दिल से गाए हुए उनके गानों ने लोगों के जिल को जीत लिया। इसके बाद उन्हें बड़े मंचों पर गाने के मौके भी मिलने लगे।



### बंदाना गर्ल

बंदाना गर्ल स्टाइल और आत्मविश्वास की पहचान हैं। उनका वीडियो उनके अलग फैशन और निडर अंदाज के कारण वायरल हुआ था। एक सामान्य बंदाना पहनकर आत्मविश्वास के साथ दिखने वाली लड़की से लोग खूब प्रभावित हुए। सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके स्टाइल और खुद पर भरोसे की खूब तारीफ की।

बिलासपुर
मंगलवार, 30 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 278
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 27.6
न्यून. 11.7


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 4 ओवर, 7 रन, 8 विकेट, 22 साल...





विचार पेज
2 छत्तीसगढ़ के शहरी प्रशासन...


# ट्रक में भूसे के नीचे छिपा रखा था एक टन से ज्यादा गांजा, छग-यूपी सीमा पर ट्रक के साथ दबोचे गए तस्कर

एजेंसी ▶▶| अंबिकापुर/वाड्रफनगर

साल के अंत में बलरामपुर जिले की पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में अब तक कि सबसे बड़ी कार्रवाई की है। बसंतपुर पुलिस ने एक साथ 12 क्विंटल गांजा से भरा ट्रक पकड़ा है। तस्कर भूसे की बोरियों में गांजा भरकर तस्करी कर रहे थे। इस दौरान धनवार बोर्डर पर पुलिस ने तीन तस्करों को पकड़ लिया। तस्करों से बरामद किए गए गांजा की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। पुलिस अब तस्करों के सरगना की तलाश में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक नारियल के भूसा से भरे ट्रक में गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद 28 दिसम्बर की रात एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी व पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के सरहद पर मौजूद धनवार बोर्डर पर एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक आरजे 32 जीई 0960 को रोककर उसकी तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए। ट्रक में मौजूद भूसे की बोरियों में गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने ट्रक से 1198.460 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक यूपी रायबरेली महाराजगंज के समरौता पूरे पहलवान शेरशाह निवसी 23 वर्षीय अमरीश कुमार आ. संतलाल व सहयोगी लखनऊ नगराम मोहनलाल गंज शाह मोहम्मद पूर्व अप्पा निवासी 33 वर्षीय अम्बरीश कुमार पटेल आ. जगदेव प्रसाद पटेल व अमेठी शिवरतनगंज मैनझर निवासी मनीष कुमार आ. रामभवन को हिरासत में लेकर ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर

## बसंतपुर पुलिस ने एक साथ 12 क्विंटल गांजा से भरा ट्रक पकड़ा

### ओडिशा से राजस्थान कर रहे थे तस्करी

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने गांजा ओडिशा से उठाया था और वे छत्तीसगढ़ सरगुजा होते हुए राजस्थान जा रहे थे। आरोपियों ने शातिर तरीके से सभी बोरियों में गांजा भरने के बाद ऊपर से भूसा भरकर छिपा दिया था। तस्कर इसके पहले भी इसी तरह से गांजा की तस्करी कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि इस वर्ष प्रदेश में एक साथ 12 क्विंटल गांजा पूरे प्रदेश में कही भी नहीं पकड़ा गया था। इस सफलता से पुलिसकर्मियों में भी उत्साह है। वहीं अब पुलिस अधिकारी इस तस्करी गिरोह के सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आने वाले दिनों पुलिस यूपी और ओडिशा में तस्करों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।



### चल रही है जांच

बसंतपुर पुलिस ने 12 क्विंटल गांजा पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। यह इस वर्ष की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस मामले में जांच चल रही है और तस्करों के सरगना को भी पकड़ा जाएगा।

-वैभव बैंकर, एसपी बलरामपुर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### युवकों की कार डंपर से टकराई, तीन की मौत



**विदिशा।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में जन्मदिन मनाकर रविवार देर रात घर लौट रहे युवकों की एक कार रास्ते में खड़े एक डंपर से टकरा गई, जिसमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह हादसा थाना कुरवाई के अंतर्गत मेलुआ चौकी क्षेत्र में हुआ और घायलों का विदिशा जिला अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है और गंभीर रूप से घायल तीन युवकों का इलाज जारी है।

### अल्प्राजोलम बनाने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़



**अहमदाबाद।** राजस्थान में पुलिस ने अल्प्राजोलम दवा बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और 30 लाख रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद करने के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गुजरात एटीएस ने राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। आरोपियों ने राजस्थान के भिवाड़ी कस्बे के पास एक औद्योगिक क्षेत्र में चिंता और घबराहट संबंधी विकारों के लिए निर्धारित दवा के निर्माण के लिए दवा बनाने वाली एक फैक्टरी किराए पर ली थी।

## उन्नाव बलात्कार मामला : शीर्ष न्यायालय ने हाईकोर्ट का फैसला रोका

# जेल में ही रहेगा सेंगर, जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उन्नाव रेप मामले में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को स्थगित कर दिया, जिसमें सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर जमानत दी गई थी। यह मामला 2017 के चर्चित उन्नाव के एक नाबालिग लड़की से रेप का है।

सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर को नोटिस जारी कर एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर सीबीआई की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर गौर करेगी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा कि इस मामले में कानून के कई अहम प्रश्न विचारणीय हैं और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सेंगर की सजा को यह कहते हुए निलंबित कर दिया था कि वह पहले ही सात साल और पांच महीने जेल में बिता चुके हैं। उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में दोषसिद्धि और सजा को चुनौती ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्या है मामला

उन्नाव में कुलदीप सेंगर और उसके साथियों ने 2017 में नाबालिग को अगवाकर रेप किया था। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को 20 दिसंबर, 2019 को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए उसे मृत्यु तक जेल में रखने के आदेश दिए थे। सेंगर पर 25 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया था. कुलदीप सेंगर की विधानसभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। उसे भाजपा ने पार्टी से निकाल दिया था।





### पीड़ित फूट-फूटकर रोई

इधर, सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुनते ही पीड़ित फूट-फूटकर रोने लगी। एक्टिविस्ट योगिता भैयाना और अन्य महिलाओं ने उसे संभाला। इसके बाद पीड़ित ने कहा- मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। मैं इस लड़ाई को जारी रखूंगी। उसे फांसी की सजा दिलाऊंगी, तब जाकर हमारे परिवार को इंसाफ मिलेगा। पीड़िता और उसके परिवार ने इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि सेंगर बाहर आते तो उनकी जान को खतरा होता। अब मामले की अगली सुनवाई कुछ हफ्तों बाद होगी। यह फैसला न्याय व्यवस्था में पीड़ितों के पक्ष में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

### सीजेआई ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा, प्रारंभिक तौर पर हम इस आदेश पर रोक लगाने के पक्ष में है। सामान्य नियम यह है कि अगर कोई व्यक्ति जमानत पर बाहर आ चुका हो, तो अदालत उसकी आजादी वापस नहीं छीनती। लेकिन यहां स्थिति अलग है, क्योंकि सेंगर किसी दूसरे मामले में पहले से जेल में बंद है। इसलिए जमानत पर रोक लगने से सेंगर की रिहाई नहीं होगी। वह अभी भी जेल में रहेंगे, जहां वह पीड़िता के पिता की मौत से जुड़े मामले में 10 साल की सजा काट रहे हैं।

### आडवाणी केस का जिक्र

उन्नाव रेप केस में आडवाणी बनाम सीबीआई केस का जिक्र सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पूर्व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का जिक्र हुआ। सीबीआई ने 1997 के आडवाणी केस का हवाला देकर दलील दी कि चुने हुए विधायक को आपराधिक कानूनों के तहत पब्लिक सर्वेंट माना जा सकता है। अगर विधायकों को भ्रष्टाचार जैसे अपराधों के लिए सरकारी कर्मचारी माना जा सकता है तो बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से जुड़े मामलों में भी यही सिद्धांत समान या उससे ज्यादा सख्ती से लागू होना चाहिए। दरअसल, सीबीआई ने एलके आडवाणी समेत कई राजनीतिक हस्तियों के खिलाफ 1997 में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 के तहत केस दर्ज किए थे। आरोप लगाया गया था कि सरकारी फायदे के बदले राजनेताओं को अवैध फंड दिए गए थे। तब यह कानूनी मुद्दा उठा था कि क्या चुने हुए प्रतिनिधियों को भ्रष्टाचार विरोधी कानून के मकसद से सरकारी कर्मचारी माना जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का जवाब हां था। कहा था कि चुने हुए जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सरकारी कर्मचारी की कैटेगरी में आते हैं।

बदल गई रिजर्वेशन की टाइमिंग

# बिना आधार सुबह 8 से 12 बजे तक नहीं मिलेगा रेल टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे ने टिकट बुकिंग से लेकर टिकट किराए में कई बदलाव कर दिए हैं। बिना आधार लिंक वाले आईआरसीटीसी यूजर्स सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। ये नियम केवल रिजर्व रेल टिकट बुकिंग खुलने के पहले दिन पर लागू होगा। रिजर्व टिकट की बुकिंग ट्रेन डिपार्चर की तारीख के 60 दिन पहले खुलती है। अगर आपने अपनी आईआरसीटीसी आईडी को आधार से लिंक नहीं किया है तो आपके लिए एडवांस रिजर्वेशन बुकिंग 60 नहीं बल्कि 59 दिन पहले शुरू हो जाएगी।



एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) के पहले दिन अगर आपको टिकट बुक करना है तो आपका आईआरसीटीसी लॉगइन आईडी आधार से लिंक होना चाहिए। 29 दिसंबर 2025 से केवल आधार प्रमाणित ▶▶|शेष पेज 6 पर

### तीन नियम

- 29 दिसंबर से बिना आधार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक टिकट बुक नहीं होगी।
- 5 जनवरी से सुबह 8 से शाम 4 बजे तक टिकट बुकिंग पर पाबंदी रहेगी।
- 12 जनवरी से सुबह 8 से रात 12 बजे तक ऐसे यूजर्स की टिकट बुक नहीं होगी।

### बदल गया टिकट बुकिंग का टाइम

आधार लिंक्ड आईआरसीटीसी यूजर्स के लिए 29 दिसंबर यानी सोमवार से एडवांस रिजर्व पीरियड बदल गया है। नए नियम के मुताबिक आधार वैरिफाइड यूजर्स के लिए एडवांस बुकिंग के पहले दिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक ऑनलाइन रिजर्वेशन टिकट बुक कर सकेंगे।

### अभिनेता जयसूर्या से ईडी ने की पूछताछ



**कोच्चि।** मलयालम फिल्मों के अभिनेता जयसूर्या और उनकी पत्नी 'धोखाधड़ी से जुड़े' धनशोधन के एक मामले में पूछताछ का सामना करने के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने दम्पति का बयान धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज किया। इस मामले पर दम्पति की ओर से अभी कोई टिप्पणी नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय की जांच कम से कम चार प्राथमिकी पर आधारित है, जो त्रिशूर पुलिस द्वारा दर्ज की गई थीं। इन प्राथमिकी में आरोप है कि कुछ व्यक्तियों को एक ऑनलाइन बोली एप्लिकेशन 'सेव बॉक्स' के माध्यम से ठगी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, इस कथित निवेश योजना को स्वाथी रहीम नामक एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने सबसे पहले रहीम का बयान दर्ज किया, जिसमें उन्होंने ईडी को बताया कि निवेशकों से जुटाई गई राशि का एक हिस्सा फिल्म उद्योग को गया। सूत्रों के अनुसार, इन लेनदेन में से कुछ में 47 वर्षीय मलयाली अभिनेता भी शामिल थे।






देवरी के आतंक का खौफनाक अंत
हिस्ट्रीशीटर पर 17 मामले थे दर्ज

## हिस्ट्रीशीटर से परेशान युवाओं ने पीट-पीटकर कर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में 11 युवकों ने हिस्ट्रीशीटर को घर के पास से घसीटकर ले गए और डंडों से पीट-पीटकर व पत्थर से वार करके मार डाला। सड़क पर शव मिलने के बाद हालांकि पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने कहा, पूरा गांव परेशान और दहशत में था, ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पूरा गांव था गुंडे के आतंक से परेशान

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि मृतक की गुंडागर्दी और दादागिरी से पूरी बस्ती थर्राई हुई थी। गांव का हर वर्ग उससे परेशान था, लेकिन डर के मारे कोई सामने नहीं आता था। आरोपियों के अनुसार, इसका अंत जरूरी था, इसलिए हमने एक राय होकर इस घटना को अंजाम दिया।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 128 उड़ानें रद्द, आठ का रूट डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

घने कोहरे के कारण सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर कम से कम 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, आठ उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा, जबकि लगभग 200 उड़ानें देरी से संचालित हुईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर घने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति के कारण 64 प्रस्थान और 64 आगमन उड़ानें रद्द की गईं, जबकि आठ उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया।

### इंडिगो ने कहा- कम दृश्यता बनी वजह

इंडिगो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली और उत्तरी भारत के कई हवाई अड्डों पर कोहरा लगातार बना हुआ है। दृश्यता कम बनी हुई है और इसके चलते फिलहाल उड़ानों की आवाजाही सामान्य से धीमी है, जिससे कुछ उड़ानों में देरी हो रही है।

## हाईटेक होगी सेना, 79 हजार करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार

# हवा में 'अस्त्र', जमीन पर 'पिनाका' की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने सेना की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए 79,000 करोड़ रुपए मूल्य के लंबी दूरी के रॉकेट, मिसाइल, रडार प्रणाली और अन्य सैन्य उपकरणों की खरीद को सोमवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी। डीएसी ने सेना की तोपखाना रेजिमेंटों के लिए 'लोइटर म्यूनिशन' प्रणाली की खरीद को मंजूरी दे ▶▶|शेष पेज 6 पर

- यूएस से खरीदेंगे एमक्यू-9 ड्रोन, इजरायल से आएगा बम और पिनाका



### खुफिया जानकारी और निगरानी की तैयारी

मंत्रालय ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही अभियानों के लिए अनिर्दिष्ट संख्या में आरपीएएस पट्टे पर ली जा रही हैं।

### अस्त्र एमके-2 मिसाइल

मंत्रालय ने कहा कि उन्नत रेंज वाली अस्त्र एमके-2 मिसाइल लड़ाकू विमानों की क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे वे लंबी दूरी से दुश्मन के विमानों को गिरा सकेंगे। तेजस के लिए पूर्ण मिशन सिमुलेटर पायलटों के प्रशिक्षण को किफायती बनाएगा।

### 31 एमक्यू-9 ड्रोन का सौदा

भारत ने अमेरिका से 31 ऐसे एमक्यू-9 ड्रोन का सौदा किया है, जिनमें से 15 नौसेना के लिए है और बाकी 8-9 थलसेना और वायुसेना के लिए। हालांकि डील को अमलीजामा पहुंचाने में हो रही देरी के चलते, नौसेना के लिए सीधे लीज पर लेने को मंजूरी दी गई है। इन ड्रोन्स का इस्तेमाल, हिंद महासागर में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकोनिसेंस के लिए किया जाएगा। हेल ड्रोन के अलावा नौसेना के लिए बोलार्ड-पुल टग (बोट) और हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो मैनपैक को मंजूरी दी गई है।




## चिंतन

# सुदर्शनचक्र के साथ आधुनिक हथियारों पर भी फोकस जरूरी

भारत अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है और लगातार आधुनिक हथियार, सेना, वायुसेना और नौसेना में शामिल कर रहा है। हाल ही में कई हथियारों के सफल परीक्षण भी किए गए हैं। इनमें गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इससे पहले आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का भी सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। यह एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। अब वायुसेना ने एस-400 की पहली तस्वीर जारी कर इसे दिशा 2026 कैलेंडर में शामिल किया है। जो भारत की एयर डिफेंस क्षमता के बारे में बताती है। इसे एयर डिफेंस आर्किटेक्चर में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। एस-400 को सुदर्शनचक्र के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसने हवाई खतरों को बेअसर करने की क्षमता और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साबित परफॉर्मेंस से भारत के एयर डिफेंस में एक बड़ा बदलाव किया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक अहम पड़ाव बनकर उभरा है। एस-400 सुदर्शन के शामिल होने से वायु सेना ने अपनी निवारक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और हवाई क्षेत्र पर दबदबे को काफी बढ़ाया है, जिससे भारत की समग्र एकीकृत वायु रक्षा संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूती मिली है। बता दें कि एस-400 सुदर्शन को फाइटर जेट यूएवी क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे कई तरह के हवाई खतरों को लंबी दूरी से पता लगाने और ट्रैक करने के साथ-साथ खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी मल्टी-लेयर्ड एंगेजमेंट क्षमता और हाई-प्रिसिशन टारगेटिंग के कारण इस सिस्टम को दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है। इतना सब होने के बावजूद भी भारत और अब और आधुनिक हथियारों को अपने सैन्य बेड़े में शामिल करना होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल छोटे ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, ऑटोनॉमस ग्राउंड व्हीकल और रोबोटिक सिस्टम युद्ध को नाटकीय रूप से बदल रहे हैं। इसलिए ऐसे हथियारों पर भी जोर देना होगा। भारत ने भले ही ब्रह्मोस, राफेल और एस-400 जैसे हथियारों से मई के युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया हो, लेकिन अगले युद्ध में उसे धूल में मिलाने के लिए इजराइल, ईरान और यूक्रेन वाली स्ट्रैटजी पर काम करना होगा। अब स्मार्ट प्लेटफॉर्म युद्ध को तेजी से बदल सकते हैं। जैसे यूक्रेन ने ड्रोन स्वार्म से रूस के करीब एक दर्जन बॉम्बर और फाइटर जेट को उड़ाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। वहीं, इजराइल ने भी ईरान के अंदर ऐसे ही हमले कर दुश्मनों को ध्वस्त किया। अब कुछ हजार डॉलर के हथियार लाखों डॉलर के महंगे प्लेटफॉर्म को तबाह करने की क्षमता रखते हैं। इसीलिए भारत के लिए युद्ध के इस बदलते मॉडल के मुताबिक ढलना जरूरी है। यूक्रेन, गाजा युद्ध, रेड सी और नागोर्नो-कराबाख जैसे संघर्ष क्षेत्रों से साफ है कि युद्ध में महंगे हथियारों की तुलना में सस्ते हथियारों का प्रभाव काफी बढ़ चुका है। पिछले दशक में लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और मिसाइल डिफेंस सिस्टम युद्ध के मैदान में बाजी पलट देते थे। हालांकि ये आज भी जरूरी हैं, लेकिन निर्णायक नहीं हैं। इसलिए सस्ते ड्रोन पर भी फोकस करना जरूरी है।



पुलिस कमिश्नरी
राजीव श्रीवास्तव

तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

# छत्तीसगढ़ के शहरी प्रशासन का ऐतिहासिक क्षण

छत्तीसगढ़ आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन का नहीं, बल्कि शहरी प्रशासन और पुलिसिंग के चरित्र में निर्णायक बदलाव का दौर है। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया इसी बदलाव का संकेत है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार होने जा रहा ऐसा प्रशासनिक प्रयोग है, जो यदि सही ढंग से लागू हुआ, तो राज्य के शहरी शासन की दिशा ही बदल सकता है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

### क्यों बदली जा रही है पुलिसिंग की संरचना?

भारत की जिला-आधारित पुलिस व्यवस्था औपनिवेशिक काल की देन है। यह व्यवस्था तब प्रभावी थी, जब शहरों का आकार, जनसंख्या और सामाजिक गतिशीलता सीमित थी। आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। महानगरों और बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था की घटनाएँ मिनटों में आकार लेती हैं और निर्णय में देरी स्थिति को विस्फोटक बना सकती है। इसी कारण इंदौर, भोपाल, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को अपनाया गया। इन शहरों का अनुभव बताता है कि जब धारा 144, जुलूस-प्रदर्शन की अनुमति, भीड़-नियंत्रण, लाइसेंसिंग और त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जैसे अधिकार पुलिस नेतृत्व के पास होते हैं, तो प्रतिक्रिया समय कम होता है और जवाबदेही अधिक स्पष्ट हो जाती है।

### कमिश्नरी प्रणाली का मूल दर्शन

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का केंद्रीय विचार यह है कि शहर की कानून-व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी- पुलिस आयुक्त- के हाथ में हो। सामान्य जिला व्यवस्था में पुलिस और प्रशासन के बीच अधिकारों का विभाजन कई बार समन्वय की समस्या पैदा करता है। कमिश्नरेट मॉडल में यह समन्वय एक ही ढांचे के भीतर स्थापित किया जाता है। परिणामस्वरूप आपात स्थितियों में निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है और आदेशों के क्रियान्वयन में स्पष्टता रहती है।

### रायपुरः छत्तीसगढ़ का पहला बड़ा प्रयोग

रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक खबर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में शहरी पुलिस सुधार की दिशा में पहला ठोस कदम है। पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित समिति ने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर रायपुर के लिए एक




“हाइब्रिड मॉडल” का सुझाव दिया है, जिसमें कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक, साइबर अपराध और आर्थिक अपराध जैसी शाखाओं का एकीकृत संचालन प्रस्तावित है।

प्रारंभ में 1 नवंबर को इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन यह समय-सीमा पूरी नहीं हो सकी। इसे विफलता मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकार यह स्पष्ट कर चुकी है कि वह कमिश्नरी प्रणाली को केवल कार्यकारी आदेश से नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी आधार के साथ लागू करना चाहती है। इसके लिए पुलिस अधिनियम, आपराधिक प्रक्रिया संहिता में संशोधन और कलेक्टर-पुलिस आयुक्त के बीच अधिकार-सीमा का साफ निर्धारण आवश्यक है।

### 31 दिसंबर की कैबिनेट बैठक एक संकेत, एक संदेश

प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा है कि 31 दिसंबर को संभावित कैबिनेट बैठक में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। यदि इस बैठक में इस व्यवस्था को स्वीकृति मिलती है, तो यह केवल रायपुर के लिए नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक संदेश होगा- कि राज्य शहरी प्रशासन में आधे-अधूरे सुधार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक परिवर्तन चाहता है। इस निर्णय का असर भविष्य में दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर जैसे औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों पर भी पड़ेगा, जहां कानून-व्यवस्था की चुनौतियाँ तेजी से बदल रही हैं।

### अधिकार के साथ जवाबदेहीः सबसे बड़ा सवाल

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं यह केवल अधिकारों के केंद्रीकरण का साधन न बन जाए। यह चिंता निराधार नहीं है। इसलिए छत्तीसगढ़ के लिए यह अनिवार्य है कि कमिश्नरी प्रणाली को जवाबदेही-केंद्रित मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र, मानवाधिकार-संवेदनशील प्रशिक्षण, सामुदायिक पुलिसिंग, पुलिस मित्र और बाल-मित्र थानों जैसी पहलें इस व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। पुलिस का नागरिकों से संवाद जितना मजबूत होगा, कमिश्नरी प्रणाली उतनी ही प्रभावी और स्वीकार्य बनेगी।

***निष्कर्ष :*** पुलिस कमिश्नरी प्रणाली छत्तीसगढ़ के लिए केवल कानून-व्यवस्था सुधारने का उपकरण नहीं, बल्कि शहरी शासन की दिशा तय करने वाला निर्णय है। यह राज्य के प्रशासनिक आत्मविश्वास की भी परीक्षा है।

यदि रायपुर में यह व्यवस्था संतुलित, पारदर्शी और संवेदनशील ढंग से लागू होती है, तो छत्तीसगढ़ न केवल अपने शहरी भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि देश के उन राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा, जिन्होंने समय रहते भविष्य की पुलिसिंग को समझ लिया।

*-पूर्व आईपीएस, सामुदायिक पुलिसिंग विशेषज्ञ*

---

## नववर्ष
अखिलेश आर्येन्दु



# नई उड़ान के साथ सावधानियां भी जरूरी

सन 2025 देश-दुनिया की तमाम यादों, घटनाओं, योजनाओं, परिणामों, समस्याओं, उलझनों और उनके बेहतर सुलझनों को समेटे हमेशा के लिए विदा हो रहा है। देश-दुनिया ने पिछले 12 महीनों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। युद्ध की संबंधी कूटनीति व मंज़र देखे तो, वैश्विक क्षितिज पर सह-मात का खेल भी। विज्ञान के चमत्कार भी देखे। यूं तो हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। उसमें कुछ नया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होता भी है, नहीं भी होता है। जो हमारी जिंदगी का हिस्सा होता है उसका असर होता है जो हमारी जिंदगी से ताल्लुक नहीं रखता, उसका असर नहीं होता, यदि होता है तो बहुत ही मामूली। हम कह सकते हैं 2025 में जो कुछ हुआ, वह अब चंद दिनों में इतिहास या बीते कालखंड का हिस्सा बन जाएगा। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और सावधान भी करता है। हम जहां हैं, जिस हालात में हैं, उस क्षेत्र में यदि अतीत से कुछ सीखना चाहें तो 2025 हमें बहुत कुछ सीखने के लिए छोड़कर हमेशा के लिए विदा ले रहा है। हमें यह संदेश देता हुआ जा रहा है कि नया साल, वाकई में नया हो-सोच, समझ, विचार, कार्य और निर्णय लेने के मामले में। नया साल संदेश देता जा रहा है कि इस साल कलेंडर बदलने या न्यू ईयर ग्रीटिंग भेजने तक खुद को सीमित न रखें।

नए साल के आगमन पर हम न जाने कितने तरह की कार्य-योजनाएं बनाते हैं। नया मकसद, नया प्लान, पुराने अधूरे प्लान को पूरा करने का संकल्प और उस संकल्प को पूरा करने के लिए नई सोच के साथ हम आगे बढ़ते हैं। बीते साल की समीक्षा के साथ नए साल के स्वागत में ऐसा नया करना चाहते हैं, जैसा अभी तक नहीं कर पाए थे। मनोवैज्ञानिकों और साधकों के मुताबिक किसी भी प्राणी के साथ हमारा व्यवहार, धारणा, मान्यता और सोच जैसी होती है वैसे ही हालात हमारे बनते जाते हैं। सद्गुणों को प्राप्त करने या उसके खोने की स्थिति भी यही है। यदि हमारे अंदर विनम्रता, दया, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, प्रेम, सत्य और अन्य सद्गुणों का भंडार है तो हम किसी से कभी अप्रिय व्यवहार नहीं कर सकते और न ही संवेदनहीन ही हो सकते हैं। नए साल पर सदगुणों को बेहतर तरीके से अमल में लाने पर आगे बढ़ सकते हैं। उसने संकल्प लिया, वह अपने मकसद को हरहाल में जरूर पूरा करेगा, इसके लिए उसे चाहे जितनी बार कोशिश करनी पड़े। उसके संकल्प ने उसे अपने मकसद में कामयाब बना दिया, और वह सफल हो गया। प्रकृति में अनगिनत वस्तुएं हैं जिनसे आप प्रेरणा लेकर अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। एक बार यदि निश्चय कर लिया कि चाहे जितनी शक्ति लगानी पड़े या संघर्ष करना पड़े, कदम पीछे नहीं हटेगा तो दुनिया की कोई शक्ति आप की शक्ति और संकल्प को तोड़ नहीं सकती, बल्कि कुदरत आप के हर कदम पर सहायता ही करेगी।

महान विचारक बिस्मार्क ने इंसान को आगे बढ़ने के लिए ‘इच्छा-शक्ति और निर्णय-शक्ति को बहुत जरूरी माना है। इसके साथ ही उस संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने को जरूरी माना है, जिससे संकल्प विकल्प में तबदील न हो। बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते वक्त बहुत सावधानी की जरूरत होती है कि हमारा दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है। तर्क-शक्ति से यह समझ बढ़ती है। इसी से देखे गए स्वप्न को साकार करने में सफलता हासिल होती है। अपने स्वभाव, आदतों और व्यवहार को चिंतन के तराजू पर तौलकर हम एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। परिवर्तन तो अनिवार्य है, यह रुकने वाला नहीं है, लेकिन हमें इसके मुताबिक बदलने के पहले यह देखना जरूरी है कि हमारे लिए क्या चीज उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है। यह बात समझने की है कि जीवन दूसरों के विचारों, सलाहों, जीवन-शैली के अंधानुकरण और प्रतियोगिता करके नहीं चलाया जा सकता है। यदि इस तरह की जिंदगी अपनाना चाहते हैं तो इतनी विसंगतियां, जटिलताएं और समस्याएं पग-पग पर आ सकती हैं, जिससे जीना ही दूभर हो सकता है। इसलिए नए साल में उड़ान तो भरें, लेकिन सावधानियों के साथ। स्वप्न देखना चाहिए। लेकिन ऐसा स्वप्न ही देखना मुफीद होता है जो अपनी योग्यता, सुरुचि और शक्ति के अनुरूप हो, जिसे साकार किया जा सके। जिसे लेकर द्वंद्व की हालात न बने। मानसिक तनाव की विकराल समस्या से शारीरिक, बौद्धिक और दूसरी तमाम तरह की समस्याएँ न पैदा हों। इससे बचने का सहज उपाय है कि हम अतिमहत्वाकांक्षी, अत्यधिक भाग दौड़ और बेकार के स्वप्न देखना छोड़ दें। स्वार्थ, अधैर्य और असंतोष की प्रवृति भी अत्यधिक घातक होती है। ये सभी प्रतिकूलताएं लक्ष्य और संकल्प को पूरा करने में बाधक बनती हैं। इसलिए सावधानी बरतें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

---


# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
**दर्शन**

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, ‘सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।’ ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, ‘भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

# गुरु ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## आईएनएसवी कौडिन्य



29 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, आईएनएसवी कौडिन्य, इंडियन नेवी का बना हुआ सेलिंग वेसल, जिसे पुरानी भारतीय तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाया गया है, खाड़ी क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक समुद्री संबंधों को दोहराते हुए, मस्कट, ओमान के लिए अपनी पहली यात्रा पर निकला है।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है।

*-मनोज कुशवाह, धमतरी*

## ट्रेंड

### घुसपैठियों को बाहर करेंगे



कांग्रेस ने आईएमडीटी एक्ट लाकर असम में घुसपैठियों के बसने का रास्ता खोल दिया। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों को भारत के लिए खतरा मानती है, इसलिए भाजपा ही घुसपैठिया मुक्त भारत बना सकती है। भाजपा सरकार देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करेगी।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### हम आत्मनिर्भर बनें



हम चाहे किसी भी देश, धर्म, जाति या संप्रदाय के हों, भोजन और पानी की तरह शांति भी हमारी मूल आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश में शांति हो और हम आत्मनिर्भर बनें। इसके बाद हम गर्व से कहेंगे हमारा देश विकसित हैं। **-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### भयावह घृणा अपराध



देहरादून में ऐंजल चकमा और उनके भाई के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदार बयानों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा। भाजपा नफरत फैला रही है। **-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**


### केंद्र सरकार जिम्मेदार



बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पता नहीं कितने और लोगों की जान लेगी।
**-कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद**

## करंट अफेयर

# राष्ट्रपति ने ब्लू हाउस से शुरू किया कामकाज



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को देश के पारंपरिक राष्ट्रपति भवन ‘चोंग वा डे’ से आधिकारिक तौर पर अपना कामकाज शुरू कर दिया। इस साल जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति ली पहली बार राष्ट्रपति भवन ‘चोंग वा डे’ में गए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भवन को ‘ब्लू हाउस’ के नाम से भी जाना जाता है। पद से हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने के तीन साल से अधिक समय बाद किसी राष्ट्रपति ने ‘ब्लू हाउस’ से कामकाज शुरू किया। दक्षिण कोरिया में नौ मई, 2022 के बाद यह पहली बार था जब किसी राष्ट्रपति ने ‘चोंग वा डे’ का दौरा किया। नौ मई, 2022 पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन के कार्यकाल का अंतिम दिन था। इससे पहले, यून ने रक्षा मंत्रालय की एक परिवर्तित इमारत से राष्ट्रपति पद का अपना कार्यभार संभाला था। यून ने ‘चोंग वा डे’ के कुछ हिस्सों को पर्यटन स्थल के रूप में आम जनता के लिए खोल दिया था, जिससे लाखों पर्यटक आकर्षित हुए। यून को पद से हटाए जाने के बाद जून में अचानक हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले ली ने राष्ट्रपति कार्यालय को ‘ब्लू हाउस’ में वापस स्थानांतरित करने में कई सप्ताह का समय लिया।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला ‘आग का गोला’ बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
INTRODUCTING
GRAND VITARA LIMITED EDITION
EFFECTIVE PRICE OF
₹ 9.99 LAKH*
GRAND VITARA
LIMITED EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF MORE THAN
₹ 75 000#
GRAND VITARA
AMBIENT LIGHT DOOR SILL GUARD (BLACK)
ALL WEATHER 3D MAT
DOOR VISOR PREMIUM (STAINLESS STEEL)
INTERIOR DOOR LIGHTING SOLUTION 4 DOOR
5 YEAR WARRANTY~
3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Creative visualization. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. *Cost of Accessories is applicable on Zeta & Alpha variants. All offers are brought to you by NEXA dealers only. *Ex. showroom price of ₹ 10.77 lakh, Exchange Offer (-) ₹ 80 000 = ₹ 9.96 lakh. The actual effective price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Limited edition is applicable for Sigma and Delta variants of Grand Vitara. ~This extended warranty is applicable for Delta+, Zeta, Zeta+, Alpha & Alpha+ variants except CNG variants of Grand Vitara. Please visit NEXA showroom for details of the items contained in the limited edition kit.

**करीब 4.1 ट्रिलियन डॉलर है भारत की जीडीपी**

*नई दिल्ली। सोने की कीमत लगातार नए रेकॉर्ड बना रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 4,500 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया है। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। इस वजह से भारत के घरों में रखे सोने का कुल मूल्य 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। यह रकम भारत के पूरे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी ज्यादा है। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल अक्टूबर में भारतीय घरों में लगभग 34,600 टन सोना था। पिछले हफ्ते सोने के रिकॉर्ड 4,550 डॉलर प्रति औंस के भाव पर यह कुल मिलाकर 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की दौलत बन जाती है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक भारत की जीडीपी करीब 4.1 ट्रिलियन डॉलर है।*

# भारतीय घरों में है 5 ट्रिलियन डॉलर सोना, यह देश की जीडीपी से ज्यादा

## दुनिया में भारत है सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता ▪ वैश्विक मांग का लगभग 26% हिस्सा है भारत के पास

### यह है एक्सपर्ट की राय

इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इन्फोमेट्रिक्स वैल्यूएशन एंड रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने बताया कि यह एक चौंकाने वाला आंकड़ा है जिस पर हमें गहराई से सोचना चाहिए, न कि सिर्फ तुलना करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, जीडीपी एक प्रवाह (फ्लो वेरिएबल) है और सोने का भंडार एक स्टॉक है। फिर भी यह अंतर भारतीय अर्थव्यवस्था में सोने के असाधारण सांस्कृतिक, वित्तीय और मनोवैज्ञानिक महत्व को उजागर करता है। अर्थशास्त्रियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि घरों में रखा सोना एक 'आइडल एसेट' (ऐसी संपत्ति जिससे कोई कमाई न हो) है।



### गहनों की मात्रा ज्यादा

एमके ग्लोबल फर्म ने पिछले 15 सालों में सोने की तीन बड़ी रैलियों का विश्लेषण किया और पाया कि इनसे उपभोग (कंजप्शन) पर कोई खास असर नहीं पड़ा। एमके ग्लोबल के अनुसार लोग सोने को उपभोग और लंबी अवधि की बचत दोनों मानते हैं और सोने के भंडार का 75 से 80% हिस्सा गहनों के रूप में है।

### भारत दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता

भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जो वैश्विक मांग का लगभग 26% हिस्सा है। चीन 28% के साथ पहले स्थान पर है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार जून 2025 तक, पिछले पांच सालों के औसत 23% से बढ़कर भारत की हिस्सेदारी 26% हो गई है। हालांकि गहनों की मांग सबसे ज्यादा है, लेकिन पिछले पांच सालों में सिक्कों और बिस्कुट के रूप में सोने में खुदरा निवेश का हिस्सा बढ़ा है। जून 2020 में यह 23.9% था, जो जून 2025 तक बढ़कर 32% हो गया।

### रिजर्व बैंक ने भी की जमकर खरीदारी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी सोने की इस दौड़ में शामिल हो गया है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, केंद्रीय बैंक ने साल 2024 से अब तक लगभग 75 टन सोना खरीदा है, जिससे कुल भंडार 880 टन हो गया है। यह भारत के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 14% है।

### चीन का सेंट्रल बैंक भी खरीद रहा सोना

भारत के रिजर्व बैंक की ही तरह चीन का 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' भी बड़े पैमाने पर सोना खरीद रहा है। कई देश अब डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और जियो-पॉलिटिकल रिस्क से बचने के लिए सोने को सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं।

---

**युनूस सरकार में चुन-चुनकर बनाया जा रहा है निशाना**

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर फिर अत्याचार, घरों में बंद कर लगा दी आग

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पिरोजपुर जिले से सामने आया है। यहां उपद्रवियों ने हिंदुओं के 5-6 घरों को आग के हवाले कर दिया। घटना उस वक्त हुई, जब परिवार के लोग अंदर सो रहे थे। इतना ही नहीं बाहर से दरवाजे भी बंद कर दिए ताकि लोग निकल न पाएं। परिवार के लोगों ने जैसे-तैसे निकलकर जान बचाई। इस खौफनाक घटना ने एक बार फिर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

**हाल में दो हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला था कट्टरपंथियों**



**आधी रात को रची गई खौफनाक**

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास और अमृत मंडल की पीट-पीटकर हत्या के बाद ये वारदात सामने आई है। पिरोजपुर जिले के डुमरीतला गांव में यह घटना 27 दिसंबर को आधी रात के बाद हुई। गांव में रहने वाले साहा परिवार के लिए 27 दिसंबर की रात किसी बुरे सपने जैसी रही। रिपोर्ट्स बताती हैं कि हमलावरों ने सुनियोजित तरीके से हिंदुओं के घरों को घेर लिया। न सिर्फ कमरों में कपड़े ठूंसकर आग लगा दी बल्कि भागने से रोकने के लिए घर के दरवाजों को बाहर से ताले भी लगा दिया। हमले के वक्त दो घरों में हिंदू परिवार के कुल आठ सदस्य अंदर मौजूद थे। टिन की चादरों व बांस की बाड़ को काटकर जैसे-तैसे बाहर निकले। वो अपनी तो जान बचाने में तो सफल रहे लेकिन पूरा घर और उसमें रखा सामान सब कुछ खाक हो गया। इस घटना से साहा परिवार गहरे सदमे और डर में है।

---

**गृहमंत्री ने असम में साधा निशाना**

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को देश में बसाया : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम के नौगांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं, घुसपैठ के मुद्दे पर कांग्रेस को जमकर घेरा। शाह ने कहा, कांग्रेस ने घुसपैठियों को देश में बसाया। घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पूर्वोत्तर की शांति के लिए मोदी सरकार ने कई अहम कदम उठाए। उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए। घुसपैठियों को बाहर किया जा रहा है। हम पूरे देश से घुसपैठियों को निकालेंगे। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में 1 लाख बीघा से अधिक भूमि को घुसपैठियों के कब्जे से मुक्त कराया गया है। गृहमंत्री ने कहा, मोदी सरकार ने असम के विकास पर 15 लाख करोड़ खर्च किए। 11 साल से विकास पर काम हो रहा है। कांग्रेस ने कभी असम का विकास नहीं किया।



### कांग्रेस ने घुसपैठियों को अपना 'वोट बैंक'

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने घुसपैठियों को अपना 'वोट बैंक' बनाकर असम में बसाया और यहां की संस्कृति के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने असम आंदोलन के शहीदों का कभी सम्मान नहीं किया। पूर्वोत्तर में शांति बहाली के लिए केंद्र सरकार ने कई उग्रवादी संगठनों के साथ ऐतिहासिक शांति समझौते किए हैं। इन समझौतों की 92 फीसदी शर्तों को लागू किया जा चुका है।

---

# फाइनली 'चाचा-भतीजे' में हो गया गठबंधन

## महाराष्ट्र निगम चुनाव में आए एक साथ सीट बंटवारे पर चर्चा जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम चुनाव के लिए शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गठबंधन का ऐलान किया। यह ऐलान आगामी 15 जनवरी को राज्य के 29 नगर निगमों में होने वाले मतदान के मद्देनजर एक चुनावी रैली के दौरान किया गया। अजित पवार ने इस गठबंधन का अहम मकसद महाराष्ट्र के विकास और बंटे हुए परिवार को फिर से एकजुट करना बताया है। दोनों गुटों के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा जारी है। यह चुनावी तालमेल पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र की स्थानीय राजनीति को नई दिशा देने के लिए किया गया है।

### परिवार की वापसी और विकास का लक्ष्य



अजित पवार ने चुनावी सभा में कहा कि उम्मीदवारों की लिस्ट तय करते वक्त दोनों गुटों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला लिया। उन्होंने इसे 'परिवार का फिर से एक होना' बताया है। अजित के मुताबिक, लोगों के मन में गठबंधन को लेकर कई सवाल थे, जिनका जवाब अब मिल गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के हित में कभी-कभी ऐसे कड़े और बड़े फैसले लेने पड़ते हैं। सीट बंटवारे की बातचीत आखिरी दौर में है और इसका ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा।

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 22.12.2025

श्री सूरज आत्मज श्री दर्शन लाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रमतला थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

एवं

कुमारी संतोषी वस्त्रकार पिता श्री प्रहलाद निवासी कोरबा चेकपोस्ट एकता नगर थाना बाल्को तहसील व जिला कोरबा छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम -1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो वह अपनी आपत्ति /दावा इस कार्यालय में दिनाँक 29.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सूरज



संतोषी वस्त्रकार

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**विमानन संचालनालय महानदी भवन**
**मंत्रालय नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक 1141/विमा./संचा./2025 रायपुर, दिनांक 26-12-25

**संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विमानन संचालनालय, रायपुर के अन्तर्गत निम्नांकित पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पर आमंत्रित किये जाते हैं। पद का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सीनियर पायलट (विमान) | 01 |
| 2 | जूनियर पायलट (विमान) | 01 |
| 3 | तकनीकी सलाहकार | 01 |
| 4 | सहायक संचालक तकनीकी | 01 |
| 5 | एयरपोर्ट डायरेक्टर | 01 |

उपरोक्त पद के लिये शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं विस्तृत जानकारी शासन के वेबसाइट http://cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन-पत्र दिनांक 23.01.2026 तक संचालक, विमानन संचालनालय, (कक्ष क्रमांक AD3-9) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पते पर रजिस्ट्रर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा ई-मेल (directoraviation1@gmail. com) के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। साक्षात्कार की तिथि के संबंध में पृथक से सूचित किया जावेगा।

**कृते**
**संचालक**
**विमानन संचालनालय**
**मंत्रालय, नया रायपुर (छ.ग.)**

जी-252605735/2

---

# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट ने किया अपना फैसला स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अरावली मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 नवंबर वाले फैसले पर स्टे लगा दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी सुनवाई के दौरान कुछ सवाल पूछे हैं। कहा गया है कि सरकार स्पष्ट बताए कि अरावली में खनन जारी रहेगी या उस पर रोक लगेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई के दौरान अरावली को लेकर बनाई गई कमेटी की तमाम सिफारिशों पर भी अभी के लिए रोक लगा दी है। इसके अलावा केंद्र सरकार और चार राज्य सरकार को नोटिस भी जारी किया गया है। इस मामले में अब अदालत ने हाई लेवल कमेटी बनाने के निर्देश दे दिए हैं। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस फैसले पर कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव उन पर और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अरावली मुद्दे को लेकर राजनीति करने के आरोप लगा रहे थे, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।



**सरकार से दो टूक पूछा- खनन जारी रहेगा या नहीं साफ-साफ बताएं**

### अरावली का विवाद

*असल में, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) ने अरावली क्षेत्र की लगभग 10 हजार पहाड़ियों को अरावली पर्वतमाला का हिस्सा बताकर यहां खनन गतिविधियों पर रोक की सिफारिश की थी, जिसका राजस्थान की भजन सरकार ने विरोध किया था।*

---

**माल्या की पार्टी वाले बयान पर आई सफाई**

# वायरल वीडियो पर मोदी- 'मैं भारत सरकार से माफी मांगता हूं'

**लंदन।** भारत से भगोड़े इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी का बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो दूसरे भगोड़े कारोबारी विजय माल्या के साथ पार्टी करते दिखाई दिए थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई थी, इसके बाद से ही ललित मोदी के सुर बदले-बदले नजर आ रहे हैं और वो ट्विटर (अब एक्स) पर मांफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं। मोदी ने एक्स पर लिखा है, 'अगर मैंने किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, खासकर भारत सरकार की, जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं, तो मैं माफी मांगता हूं।' आईपीएल फाउंडर ने अपनी इस सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा कि मेरे बयान को गलत समझा गया और इसका कभी भी ऐसा मतलब नहीं निकाला गया था। एक बार फिर मैं दिल से माफी मांगता हूं।

---

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1411/न.पा.प./ लो.नि.वि / 2025-26 खरसिया, दिनांक 29/12/2025

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि. नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | समय सीमा (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 182565 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including Installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Kharsia, Chhattisgarh (SBM 2.0) | 82.11 | 62000.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2 | 182581 | नगरपालिका परिषद् खरसिया क्षेत्र अंतर्गत सिविल अस्पताल खरसिया में शेड, पोस्ट मार्डम कक्ष, गेट एवं अन्य निर्माण कार्य। (डी.एम.एफ. मद) | 26.74 | 21000.00 | 1500.00 | 6 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् खरसिया**

---

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

---

## पाक : पूर्व मेजर आतंकी घोषित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अपनी ही सेना के पूर्व मेजर आदिल रजा को आतंकवादी घोषित कर दिया है। इस फैसले के बाद आदिल रजा ने कहा है कि उनके खिलाफ विदेश में रहते हुए दबाव बनाने की कोशिश हो रही है। आदिल रजा इस समय ब्रिटेन में रहते हैं। कुछ दिन पहले लंदन के पास उनके घर में कुछ अज्ञात लोग घुस आए। घर में तोड़फोड़ की गई और सामान इधर-उधर फैला दिया गया। अच्छी बात यह रही कि उस वक्त घर में कोई नहीं था, इसलिए किसी को चोट नहीं लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। रजा का कहना है कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। यह सब सिर्फ इसलिए हो रहा है क्योंकि वे अपनी पत्रकारिता के जरिए सरकार और ताकतवर लोगों के खिलाफ बोलते रहे हैं। रजा ने साफ कहा कि इस तरह के दबाव से वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें चुप कराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कोई भी उत्पीड़न उनकी आवाज नहीं रोक सकता। वे आगे भी लोकतंत्र, बोलने की आजादी और आम लोगों के हक में अपनी बात उठाते रहेंगे।

---

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL COUNCIL**
**NARAYANPUR, DIST.- NARAYANPUR(C.G.)**
**Landline– 07781-252278 ,**
**Email- cmonarayanpur@rediffmail.com**

**No./2232/NPP/PWD/2025 NARAYANPUR, DATE 29.12.2025**

**E-Procurement Tender Notice (2nd Call)**

Online bids in three envelop system are invited for the following Construction works up to date 15.01.2026 at 17.30 Hours.


| Sl. No. | Description | Cost of Tender (In lacs) |
|---|---|---|
| 1 | Beautification Work in Bandhua Talab At Municipal Council Narayanpur (System Tender No. 182595) | 196.06 |

**Note -**
1- The details can be downloded online directly from the government of chhattisgarh e- procurment Portal- https://eproc.cgstate.gov.in in form 29.12.2025 at 20.00 Hours.
2- For more details on the tender and biding process please visit the above mentioned portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL NARAYANPUR**

---


## शब्द पहेली - 6093



**बाएँ से दाए-**
1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6092 का हल**



---

## सूडोकु नवताल - 6103

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

### भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट जारी

# आरबीआई वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री रोकने व्यापक नियम जारी करेगा: रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि वह वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं की गलत बिक्री रोकने के लिए वित्तीय संस्थानों पर लागू होने वाले विज्ञापन, विपणन और बिक्री से संबंधित व्यापक नियम जारी करेगा। केंद्रीय बैंक की तरफ से जारी 'भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति 2024-25 रिपोर्ट' में यह बात कही गयी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने कहा कि गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री के मामले ग्राहकों और पूरे वित्तीय क्षेत्र दोनों के लिए गंभीर परिणाम होते हैं। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों और वसूली से जुड़े संचालन संबंधी मौजूदा निर्देशों की समीक्षा कर रहा है और उन्हें एकीकृत रूप में जारी करने का प्रस्ताव है।

### डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर जोर

डिजिटल एवं साइबर धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए रिजर्व बैंक संबंधित मंत्रालयों और अन्य हितधारकों के साथ काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, विनियमित संस्थाओं को मजबूत आंतरिक नियंत्रण, सभी स्तरों पर शिकायत निवारण अधिकारी तैनात होने और डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत है।

**केंद्रीय बैंक विज्ञापन, विपणन व बिक्री पर जारी करेगा नियम**

**गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री से ग्राहक होते हैं प्रभावित**

**ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों के निर्देशों की होगी समीक्षा**

### फर्जी खातों की पहचान के लिए 23 बैंकों में एआई

*रिजर्व बैंक ने हाल में दो प्रमुख डिजिटल पहल शुरू की हैं। संभावित फर्जी खातों की पहचान और प्रणालीगत सीख के लिए म्यूलहंटर.एआई को 23 बैंकों में लागू किया गया है। इसके अलावा एआई-आधारित मंच 'डिजिटल भुगतान आसूचना मंच (डीपीआईपी)' भी काम कर रहा है जो जोखिमपूर्ण लेनदेन को चिन्हित कर फर्जीवाड़े की रोकथाम में मदद करता है।*




### डिजिटल बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी

*आरबीआई ने यह भी कहा कि अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी संबंधी 2017 के निर्देशों की समीक्षा की जा रही है। यह कदम नए भुगतान चैनलों, डिजिटल लेनदेन की बढ़ती मात्रा और बदलते धोखाधड़ी प्रतिरूप को ध्यान में रखते हुए ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करेगा।*

### धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घटी

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े भी साझा किए गए हैं। इसके मुताबिक, रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घट गई, लेकिन इसमें शामिल राशि बढ़ गई। आरबीआई ने कहा, /"इसका मुख्य कारण 122 मामलों की दोबारा जांच होनी थी जिनमें कुल 18,336 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी शामिल थी। उच्चतम न्यायालय के मार्च 2023 के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।/"

### कार्ड व इंटरनेट की धोखाधड़ी 67 फीसदी बढ़ी

विवरण के मुताबिक, कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी की घटनाएं कुल मामलों का 66.8 प्रतिशत रहीं, जबकि राशि के हिसाब से ऋण से जुड़ी धोखाधड़ी 33.1 प्रतिशत रही। निजी क्षेत्र के बैंकों की कुल मामलों में 59.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रही जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने धोखाधड़ी राशि में 70.7 प्रतिशत योगदान दिया। आरबीआई ने कहा कि इसकी नियामकीय एवं पर्यवेक्षण नीतियां आगे भी साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम, ग्राहक सुरक्षा, जलवायु जोखिम जागरूकता और वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित रहेंगी।

# चांदी एक घंटे में 21500 रुपए टूटी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कीमतों में भूचाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में सोमवार को एक घंटे के भीतर ही भारी गिरावट देखने को मिली। MCX पर मार्च महीने के फ्यूचर्स एक घंटे में 21,500 रुपए प्रति किलो गिरकर 2,33,1700 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गए।

यह गिरावट तब आई जब दिन की शुरुआत में ही कीमतें 2,54,174 रुपए के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सिल्वर की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार को कीमतें पहली बार 80 डॉलर प्रति औंस के पार चली गईं, लेकिन बाद में लाभ लेने की बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शांति वार्ता की खबरों के बीच 75 डॉलर के स्तर से नीचे आ गईं।

### गिरावट की मुख्य वजह

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह निवेशकों द्वारा प्रॉफिट बुकिंग और भू-राजनीतिक तनाव में कमी है। यूक्रेन युद्ध में संभावित शांति समझौते की खबरों से सेफ-हेवन की मांग कम हो गई। इसके अलावा, वर्ष की शुरुआत से ही चांदी में 181 प्रतिशथ की अभूतपूर्व बढ़त भी इस तेज मुनाफावसूली का कारण बनी।

### 150 प्रतिशत रिटर्न के बाद हल्का हुआ बाजार

भले ही आज चांदी में बड़ी गिरावट दिखी हो, लेकिन पिछले एक साल का ट्रैक रिकॉर्ड देखें तो चांदी ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। दिसंबर 2024 में जो चांदी करीब 90 हजार रुपए के आसपास थी, वह 150 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगा चुकी है। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक व्हीकल और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में चांदी की भारी मांग ने इसे कीमती धातु से सुपर मेटल बना दिया है।

**एमसीएक्स में मार्च महीने के फ्यूचर्स में आई गिरावट**



■ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव रही

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों का मानना है कि चांदी का ट्रेंड अभी भी सकारात्मक है, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी के मुताबिक, 2.4 लाख रुपए प्रति किलो का स्तर छोटी अवधि का समर्थन है। वहीं, अमेरिकी फर्म बीटीआईजी ने चेतावनी दी है कि कीमतों में इतनी तेज बढ़त टिकाऊ नहीं है और इसके बाद तेज गिरावट आ सकती है।

### 1979 और 2011 जैसी तबाही की आशंका

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के मनीष बंठिया ने इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा कि चांदी में ऐसी शानदार बढ़त आमतौर पर शांतिपूर्वक समाप्त नहीं होती। उन्होंने बताया कि 1979-80 और 2011 में भी चांदी की कीमतें आसमान छूने के बाद क्रमशः 90 फीसदी और 75 फीसदी से अधिक गिर गई थीं। पिछले साल में कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ी हैं, इसलिए सतर्कता जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### रुपया आठ पैसे टूटकर 89.98 प्रति डॉलर बंद



**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर 89.98 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की ओर से निरंतर पूंजी निकासी और आयातकों की डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों के विश्वास को कमजोर किया है।

### जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालिया याचिता खारिज




**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालियापन प्रक्रिया शुरू करने की इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक की अपील खारिज कर दी और इस मामले में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा। इससे पहले, एनसीएलटी की जयपुर पीठ ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज कर दी थी।

# आयातित तांबा उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से 1 वर्ष की छूट मिली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कुछ आयातित तांबा उत्पादों को तांबा उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 से एक वर्ष के लिए छूट देने का निर्णय लिया है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

यह कदम विशेष उपयोग के लिए उत्पादों के आयात में सुविधा प्रदान करने और उद्योग की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि छूट केवल वास्तविक उपयोगकर्ता होने की शर्त पर ही मान्य होगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने उद्योग संगठनों से मिले अनुरोधों और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के साथ परामर्श के आधार पर यह फैसला किया है। विभाग ने कहा, /"आयातकों को छूट के तहत बीआईएस को सात दिन के भीतर ईमेल के जरिये संबंधित उत्पादों का विवरण भेजना होगा और साथ ही तिमाही रिकॉर्ड बनाए रखना भी अनिवार्य होगा।/" इसके अलावा, आयातकों को स्वदेशीकरण की योजना केंद्र सरकार के सामने पेश करनी होगी। छूट केवल विशेष उपयोग और वास्तविक उपयोगकर्ता की शर्त पर मान्य होगी।



■ उद्योग की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया

■ छूट केवल वास्तविक उपयोगकर्ता होने की शर्त पर ही मान्य

### छूट पाने वाले उत्पादों में यह शामिल

इस आदेश के तहत छूट पाने वाले उत्पादों में ऑक्सीजन-मुक्त तांबे की छड़, पट्टी और चादर, चांदी मिश्रित ऑक्सीजन-मुक्त तांबा, ऑक्सीजन से मुक्त तांबा की पट्टियां और तांबे के मिश्र धातु की पट्टियां शामिल हैं। सरकार ने कहा है कि यह कदम उद्योग को आवश्यक तांबे उत्पादों के आयात में सुविधा देने के साथ गुणवत्ता मानकों की निगरानी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को बनाए रखने के प्रयास का हिस्सा है।

**अनुसूची -I- प्रपत्र A**
**द्वितीय सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवालियापन एवं दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए दिवालियापन समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

**डी सी कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**संदर्भित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | डी सी कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 02/05/2008 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार - दिल्ली |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार का कॉर्पोरेट पहचान क्रमांक / सीमित देयता पहचान क्रमांक | U10101DL2008PTC177579 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | **पंजीकृत कार्यालय:** एस-193, पांडव नगर, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, भारत, 110092 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ होने की तिथि | 21.11.2025 (सीआईआरपी आदेश 25.11.2025 को डाक द्वारा प्राप्त हुआ) |
| 7. | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 20.05.2026 (दिवालियापन प्रारंभ तिथि से 180 दिन) |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण क्रमांक | सत्य प्रकाश गुप्ता IBBI/IPA-001/IP-P00737/2017-2018/11234 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकृत अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता | **पता:** केबीडीएस एंड कंपनी, 808, इरोस अपार्टमेंट, 56 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 110019 **ईमेल:** spgfinance@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ईमेल पता (संदर्भ क्रमांक देखें) | पता: 405, नई दिल्ली मकान, 27 बाराखंबा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली, 110001 ईमेल: cirpdccoal1@gmail.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09.12.2025 # |
| 12. | अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा निर्धारित धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (ख) के अंतर्गत लेनदारों के वर्ग, यदि कोई हो | आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार लागू नहीं |
| 13. | दिवालियापन के नाम किसी वर्ग के लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए नामित पेशेवर (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार लागू नहीं |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है: | वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता: लागू नहीं |

**इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राष्ट्रीय न्यायालय (एनसीएलटी), नई दिल्ली बेंच (कोर्ट वी) ने डीईई सीईई कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया को 21.11.2025 से शुरू करने का आदेश दिया है।**

#प्रारंभिक रूप से 27.11.2025 को सार्वजनिक घोषणा की गई थी और डीईई सीईई कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से अंतरिम समाधान पेशेवर को 09.12.2025 या उससे पहले अपने दावों को प्रमाण सहित प्रस्तुत करने का आह्वान किया गया था। प्रक्रिया ईमेल आईडी में परिवर्तन और कॉर्पोरेट देनदार के नए स्थान (कोरबा, छत्तीसगढ़) की पहचान के कारण, डीईई सीईई कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से दावों को प्रमाण सहित प्रस्तुत करने के लिए यह सार्वजनिक घोषणा पुनः की जा रही है।

लेनदार आईबीबीआई (सीआईआरपी) विनियम, 2016 के विनियम 12(1) के परंतुक के तहत निर्धारित विस्तारित समयसीमा के भीतर अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 27.11.2025 की सार्वजनिक घोषणा में उल्लिखित मूल प्रक्रिया ईमेल आईडी, यानी cirpdccoal@gmail.com, को गूगल द्वारा निलंबित कर दिया गया है, इसलिए दावे प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित नई प्रक्रिया ईमेल आईडी पर प्रस्तुत किए जाने आवश्यक हैं।


वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण सहित अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार अपने दावे प्रमाण सहित व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

झूठे या भ्रामक दावे के प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

सत्य प्रकाश गुप्ता
रिजोल्यूशन प्रोफेशनल
मैसर्स. डीईई सीईई कोल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड
IBBI/IPA-001/IP-P00737/2017-18/11234
AFA मान्य: 31.12.2025 तक

दिनांक: 30.12.2025
स्थान: नई दिल्ली

### सीगल इंडिया को मप्र में 1000 करोड़ का मिला ठेका





**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया ने मध्य प्रदेश में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजना का ठेका मिलने की सोमवार को जानकारी दी। कंपनी सीगल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड से इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड (एक्सेस कंट्रोल) चार-'लेन' राजमार्ग के निर्माण का ठेका मिला है।

### एनसीएच ने 2025 में वसूले 45 हजार करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस साल हेल्पलाइन के माध्यम से 45 करोड़ रुपये वसूले गए और 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया। जोधपुर के रमेश कुमार ने इस साल की शुरुआत में ऑनलाइन कुर्सियां ऑर्डर की थीं।


**फॉर्म GSTR-9 क्या है?**
फॉर्म GSTR-9 एक व्यापक वार्षिक रिटर्न है जिसमें मासिक/तिमाही GST रिटर्न (जैसे फॉर्म GSTR-1 और फॉर्म GSTR-3B) में पहले से जमा की गई सभी जानकारी को समेकित किया जाता है।

*इन करदाताओं द्वारा **फॉर्म GSTR-9** दाखिल किया जाना अनिवार्य है

ऐसे सभी जीएसटी करदाता, जिनका **सकल वार्षिक टर्नओवर ₹2 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान)**, निम्न को छोड़कर:

इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर | कैजुअल टैक्सेबल पर्सन | टीडीएस डिडक्टर | टीसीएस कलेक्टर | प्रवासी टैक्सेबल पर्सन

**फॉर्म GSTR-9C क्या है?**
फॉर्म GSTR-9C एक मिलान विवरण है जो फॉर्म GSTR-9 में घोषित डेटा की तुलना ऑडिट किए गए वित्तीय विवरणों से करता है, जो कि CA/CMA द्वारा प्रमाणित हो।

# इन करदाताओं द्वारा **फॉर्म GSTR-9C** दाखिल किया जाना अनिवार्य है

ऐसे करदाता, जिनका सकल वार्षिक टर्नओवर ₹5 करोड़ से अधिक रहा हो (वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान), द्वारा फॉर्म GSTR-9 में वार्षिक रिटर्न के साथ फॉर्म GSTR-9C में स्व-प्रमाणित रिकॉन्सिलिएशन स्टेटमेंट दाख़िल किया जाना आवश्यक है

फॉर्म GSTR-9 और फॉर्म GSTR-9C विलंब से दाखिल किए जाने पर विलंब शुल्क लगता है।

जीएसटी वार्षिक रिटर्नों की अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india

## खबर संक्षेप



### 13 साल के जगरीत ने जीती फिडे रेपिड रेटिंग प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में पहले शतरंज वेदा फिडे रेपिड रेटिंग टूर्नामेंट में नौ दौर में 8.5 अंक के साथ खिताब जीता। तेरह साल के जगरीत ने इस जीत की बदौलत 90 रेटिंग अंक हासिल किए।माउंट कार्मेल स्कूल के छात्र जगरीत को इस जीत से 25 हजार रुपए की इनामी राशि मिली। टूर्नामेंट में 592 भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स, फिडे मास्टर्स और कैंडिडेट मास्टर्स भी शामिल रहे। जगरीत ने हाल में मोंटेनेग्रो के ग्रैंडमास्टर ब्लागोजेविच ड्रागिसा (ईएलओ 2446) को हराया था।

### मुल्तान सुल्तांस टीम का प्रबंधन करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि शासी निकाय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अगले सत्र में मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रबंधन करेगा। नक़वी ने कहा कि समय की कमी के कारण बोर्ड पीएसएल के अगले सत्र के दौरान मुल्तान फ्रेंचाइजी का संचालन के लिए किसी पूर्व क्रिकेटर की अध्यक्षता में समिति का गठन करेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस की नीलामी होने के बाद हम समिति का गठन करेंगे।' पीएसएल के 2016 में शुरू होने के बाद से यह पहली अवसर होगा जबकि बोर्ड सीधे तौर पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन करेगा। माना जा रहा है कि उसका यह कदम एक ब्रांड के रूप में पीएसएल की प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकता है।




### 13 जनवरी से इंडिया ओपन टिकटों की बिक्री शुरू



**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन केडी जाधव इंडोर हॉल की जगह इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 13 से 18 जनवरी तक होगा। भारत को अगले साल अगस्त में प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है और ऐसे में 9 लाख 50 हजार डॉलर इनामी इंडिया ओपन इस वैश्विक टूर्नामेंट के परीक्षण स्थल के रूप में काम करेगा। नए स्थल में आठ हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जो पिछले स्थल की तुलना में दोगुने से अधिक है। इंडिया ओपन के टिकट ऑनलाइन 'टिकमिंट' पर उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपए से शुरू होकर 1750 रुपए तक होगी।

### आईएलटी20 : अबूधाबी नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में एंट्री



**दुबई।** माइकल पेप्पर और फिल साल्ट की शानदार पारियों की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने लीग चरण के आखिरी मैच में गल्फ जायंट्स को 32 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। नाइट राइडर्स अब एक जनवरी को एलिमिनेटर में दुबई कैपिटल्स का सामना करेगा। डेजर्ट वाइपर्स मंगलवार को क्वालीफायर एक में एमआई एमिरेट्स से भिड़ेगा। पेप्पर (51 गेंदों में 83 रन) और साल्ट (56 गेंदों में नाबाद 72 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से नाइट राइडर्स ने एक विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में गल्फ जायंट्स की टीम 9 विकेट पर 147 रन ही बना पाई।

# नवीनतम 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस का दबदबा, सबालेंका को दी मात

- टाइमआउट के दौरान एरिना ने किया डांस
- मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके

एजेंसी ▶▶| दुबई

निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था, जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।




### दोनों खिलाड़ियों को दिया गया एक सर्विस का मौका

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरुप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे।




### टेनिस के लिए शानदार कदम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के लिए एक शानदार कदम है।' सबालेंका ने कहा,'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

विजय हजारे ट्रॉफी

**अच्छी शुरुआत के बावजूद सूर्यवंशी नहीं खेल पाए बड़ी पारी**

# 310 के स्ट्राइक रेट से चला वैभव का बल्ला, 10 गेंद पर ठोके 31 रन

एजेंसी ▶▶| रांची

वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के तीसरे मैच में बिहार के लिए पारी की शुरुआत की और मेघालय के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों में 31 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 310 का रहा। लेकिन 14 साल के इस युवा क्रिकेटर को आकाश कुमार ने पवेलियन भेज दिया। 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें ओवर की पहली गेंद पर दिप्पू ने वैभव का कैच पकड़ लिया। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में मेघालय के खिलाफ इस मैच से वैभव से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद वो इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए।

वहीं सीजन के पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों पर 190 रन बनाए थे। उस मैच में बिहार ने रिकॉर्ड 397 रनों से जीत हासिल की थी। वैभव ने महज 36 गेंदों में सेंचुरी पूरी की, जो किसी भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट ए क्रिकेट में चौथी सबसे तेज सेंचुरी है। इसके बाद उन्होंने 59 गेंदों में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



### मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया, शारदुल ने की शानदार गेंदबाजी

**जयपुर।** कप्तान शारदुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सोमवार को छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराकर अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद शारदुल ने सुबह में तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच ओवर के अंदर छत्तीसगढ़ का स्कोर चार विकेट पर 10 रन कर दिया। कप्तान अमनदीप खरे (63) और अजय मंडल (46) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम शुरुआती झटकों से कभी नहीं उबरी। टीम 38.1 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। स्पिनर शम्स मुलानी ने आखिरी छह में से पांच विकेट झटक कर छत्तीसगढ़ की पारी को सस्ते में समेटने में योगदान दिया। मुलानी ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे छत्तीसगढ़ ने आखिरी छह विकेट 27 रन के अंदर गंवा दिए।

### 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे कोहली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं।

### जुरेल ने 101 गेंद में खेली 160 रन की पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने विजय हजारे ट्रॉफी में तूफानी शतक लगाया। उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में 160 रन की नाबाद विस्फोटक पारी खेली। यह उनके लिस्ट ए करियर का पहला शतक है।

महिला टी20

# क्लीन स्वीप पर भारत की नजर सम्मान बचाने उतरेगा श्रीलंका

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 30 दिसंबर को होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई, जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले।

#### श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने



कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा।' शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

HDFC BANK
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001, Tel: 0771-4243149/149
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com
**सूचना**
हमारे कार्यालय द्वारा दिनांक **29.12.2025** को हरिभूमि एवं हितवाद में प्रकाशित ई–नीलामी विक्रय सूचना के स.क्र. **05) ऋणी :–श्री मिश्रा धर्मेन्द्र,** एमआईजी सी–/2330, वार्ड नं.16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/ औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई दुर्ग छ.ग.–490026. **श्रीमती मिश्रा किरण,** एमआईजी सी–/2330, वार्ड नं.16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/ औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई दुर्ग छ.ग.–490026. का रिसर्व प्राईस **₹ 10,42,000/-** भूलवश प्रकाशित हो गया है जिसे सुधार कर रिसर्व प्राईस– **₹ 10,42,500/-** पढ़ा जावे।
प्राधिकृत अधिकारी, एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

एशेज

# एमसीजी पर आईसीसी का फैसला मैच रेफरी ने दिए डिमेरिट अंक



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने मेलबर्न में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को असंतोषजनक करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रैफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

आईसीसी ने कहा ,'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच असंतोषजनक थी, जिसके लिए आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा,' एमसीजी की पिच गेंदबाजों की जरुरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भी पिच की निंदा की थी।

### चोट के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर एटकिंसन

*सिडनी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। उनका स्कैन कराया गया, जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड इस श्रृंखला में पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा है। उसके स्टार तेज गेंदबाज मार्क वुड (घुटने की चोट) और जोफ्रा आर्चर (कमर में खिंचाव) पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हो चुके हैं। सिडनी में चार जनवरी से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में एटकिंसन की जगह 27 वर्षीय मैथ्यू पॉट्स को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में ब्रायडन कार्स और जोश टोंग के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स शामिल हैं।*

### मसूद ने लगाया दोहरा शतक इंजमाम का तोड़ा रिकॉर्ड



**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद पर दोहरा शतक पूरा करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के सबसे तेज दोहरे शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। मसूद ने दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक के तीन दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मसूद ने प्रेसिडेंट्स कप विभागीय टूर्नामेंट के पहले दिन सुइ नॉर्दर्न गैस की तरफ से खेलते हुए सहार एसोसिएट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान इंजमाम के नाम था, जिन्होंने 1992 में इंग्लैंड के दौरे के एक मैच में 188 गेंदों में दोहरा शतक बनाया था। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मसूद 185 गेंदों पर 212 रन बनाकर नाबाद थे।

### 4 ओवर, 7 रन, 8 विकेट 22 साल के गेंदबाज ने टी20 में किया करिश्मा

**नई दिल्ली।** भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने 7 रन देकर 8 विकेट लिए, जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे।






# यहां पत्थर उगल रहे शुद्ध सोना! 2 किमी नीचे हजारों टन गोल्ड डिपॉजिट

चीन के मध्य हिस्से में वैज्ञानिकों को सोने का भंडार मिला है। यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे शुद्ध भंडार माना जा रहा है। इसकी कीमत करीब 83 अरब डॉलर बताई जा रही है। यह सोना जमीन के बहुत नीचे छिपा हुआ था।

**बीजिंग।** चीन के हुनान प्रांत में हुई इस खोज ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। यह जगह पिंगजियांग काउंटी के वांगू गोल्ड फील्ड में स्थित है। शुरुआती रिसर्च के मुताबिक यहां 1000 मीट्रिक टन से ज्यादा सोना मौजूद हो सकता है। हालांकि इसकी पूरी पुष्टि के लिए अभी और जांच चल रही है। बता दें कि इसकी गुणवत्ता ने भूवैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है।



### रिकॉर्ड तोड़ने वाला सोने का भंडार

हुनान प्रांत के जियोलॉजिकल ब्यूरो ने बताया है कि करीब 2000 मीटर गहराई में ही लगभग 300 टन सोने की मौजूदगी की पुष्टि हो चुकी है। जांच में यह आंकड़ा 1000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड डिपॉजिट बन सकता है। बताया जा रहा है कि इसकी अनुमानित कीमत करीब 83 अरब अमेरिकी डॉलर बताई जा रही है।

### कितनी खुदाई हो चुकी है?

2024 के आखिर तक इस इलाके में 65 किलोमीटर से ज्यादा ड्रिलिंग की जा चुकी है। 55 जगहों पर बोरहोल बनाए गए है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक सरकार का लक्ष्य है कि 2025 के अंत तक सोने के भंडार में कम से कम 55 टन और जोड़ा जाए।



### चीन के लिए अहम खोज

चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा सोने का प्रोडक्शन करने वाला देश है। साल 2023 में चीन ने 370 टन से ज्यादा सोना निकाला। बता देंकि अगर वांगू गोल्ड फील्ड की पूरी क्षमता साबित हो जाती है तो चीन की पकड़ वैश्विक सोने के बाजार में बहुत ही मजबूत हो जाएगी।

### कैसे बना इतना ज्यादा सोना

नेचर जियोसाइंस जर्नल में छपी एक स्टडी के अनुसार भूकंपीय गतिविधियों के दौरान क्वार्ट्ज पत्थरों में बिजली जैसा चार्ज बना, इससे गर्म तरल पदार्थों में मौजूद सोना अचानक जमकर नसों के रूप में जमा हो गया होगा. यही वजह हो सकती है कि कुछ इलाकों में सोना बहुत ज्यादा मात्रा में मिल जाता है। वैसे देखा जाए तो वांगू इलाके में सीधे तौर पर भूकंप की पुष्टि नहीं हुई है।

हाईकोर्ट का बडा फैसला

## स्थानांतरित स्थान पर जाने से वरिष्ठता में परिवर्तन नहीं होगा

**बिलासपुर।** शिक्षक एलबी के अंतरजिला स्थानांतरण और वरिष्ठता को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने अपने फैसले में लिखा है, कि स्थानांतरित स्थान पर जाने पर वरिष्ठता में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है, तो संबंधित जगह पर ज्वाइनिंग करने के बाद उसकी सेवा के सभी प्रयोजनों के लिए वही सीनियरटी रहेगी।



**ग्रेडेशन लिस्ट में वरिष्ठता देने और प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत करने का आदेश**

कोर्ट ने कहा कि, यह घोषित नहीं किया जा सकता है कि पोस्टिंग के नए स्थान में शामिल होने पर वह जूनियर बन जाता है। यदि इस आशय का कोई परिपत्र पारित कर दिया गया है, तो भी वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन होगा। किसी अन्य जिले में उसके स्थानांतरण के आधार पर किसी को जूनियर घोषित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षक को ग्रेडेशन लिस्ट में वरिष्ठता देने और प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत करने का आदेश राज्य शासन को दिया है। याचिकाकर्ता शिक्षकों ने 10 दिसंबर 2010 से प्रधान पाठक, प्राथमिक विद्यालय के पद पर सभी परिणामी लाभों के साथ शामिल होने की तारीख से, प्रधान पाठक, प्राथमिक विद्यालय के पद पर वरिष्ठता प्रदान करने की मांग की थी। नियुक्ति आदेश 10 दिसंबर 2010 के अनुसार उचित वरिष्ठता प्रदान करने की मांग की गई थी।

### पदोन्नित से बाहर कर दिया था

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 16 मार्च 2021 जारी ग्रेडेशन सूची में याचिकाकर्ताओं को उनके जूनियर्स के नीचे हेड मास्टर, प्राइमरी स्कूल के कैडर में रखा गया है, जिसके कारण उन्हें हेड मास्टर, प्री मिडिल स्कूल के पद पर पदोन्नति के लिए बाहर कर दिया गया है। याचिकाकर्ता शिक्षकों द्वारा सभी रिट याचिकाओं में जो राहतें मांगी गई हैं, वे तकरीबन एकसमान है। हालांकि, इन याचिकाओं, में ओंकार प्रसाद वर्मा और अन्य विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य और अन्य, इन मामलों में शामिल मुद्दों को तय करने के लिए प्रमुख याचिका के रूप में लिया गया है। याचिकाकर्ता शिक्षकों ने शिक्षक ई कैडर और प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय की वरिष्ठता सूची को फिर से तैयार करने और उसके बाद प्रधान पाठक, मिडिल स्कूल के पद पर पदोन्नति की मांग की थी।

वैज्ञानिक हैरान

## डेनमैन ग्लेशियर के नीचे छिपे रहस्यों से उठा दिया पर्दा

### अंटार्कटिका में भटका रोबोट बना जेम्स बॉन्ड 007!

**लंदन।** ग्लेशियर की अनंत गहराइयों में तैरते हुए पहुंचना और उसकी खोज-खबर निकालना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पावर से लैस रोबोट के लिए भी आसान नहीं था। शुरुआत में सिग्नल और तस्वीरें नहीं मिलीं तो रोबोट को लापता मान लिया गया था, जबकि हकीकत में वो किसी दूसरी जगह फंसा था। अंटार्टिका सदियों से वैज्ञानिकों की खोज का पसंदीदा विषय रहा है। कई देशों के सांटिस्ट यहां दशकों से खोज कर रहे है। हाल ही में वैज्ञानिकों की एक टीम ने अंटार्टिका के एक खास ग्लेशियर की स्टडी के लिए तैराकी में माहिर स्विमिंग एक्सपर्ट रोबोट भेजा था। वो रोबोट अपने तय रूट से भटककर ऐसे इलाके में पहुंचा, जिसके बारे में इंसानों ने सोचा भी नहीं होगा। ये ऐसा दुर्लभ इलाका था जिसे पहले किसी ने भी नहीं देखा था।



### अंटार्टिका में अनछुआ पहलू

चांद पर अमेरिका, रूस, चीन और भारत के अंतरिक्ष यात्रियों के कदम पड़ चुके है। कई देशों के लैंडर और रोवर चांद की गहराइयों में जीवन तलाश रहे है। ऐसे ही एक कटथ्रोट कंपटीशन के बीच भारत, चांद के उस पार यानी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिग करके दुनिया का पहला देश बन गया।

**डेनमैन ग्लेशियर के नीचे छिपे रहस्यों से उठा पर्दा :** इस बार ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने अंटार्टिका में कुछ ऐसा ही दुर्लभ खुलासा किया है जो पहले किसी और देश ने नहीं किया था। हालांकि, ये किसी रणनीति की वजह से नहीं बल्कि एक चूक की वजह से अनजाने में हुआ। वैज्ञानिकों को अंटार्कटिका के एक ऐसे क्षेत्र की झलक मिली है, जहां पहुंचना लगभग असंभव था। दरअसल, ये एक चमत्कार था क्योंकि अतीत में अंटार्टिका की पड़ताल करने गया एक रोबोट अचानक दोबारा सामने आया और उसने डेनमैन ग्लेशियर के नीचे छिपे रहस्यों से पर्दा उठा दिया। यह रोबोट टॉटन ग्लेशियर से डेटा इकट्ठा करने के लिए भेजा गया था, लेकिन यह भटकते हुए गलती से डेनमैन ग्लेशियर के नीचे जा पहुंचा। दिसंबर 2025 में प्रकाशित रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, यह रोबोट एक फ्री-फ्लोटिंग डिवाइस था, जिसे समुद्री धाराओं ने अपने तय रास्ते से भटका दिया था।

### रोबोट की खासियत

इस रोबोट में खारापन का पता लगाने वाले और टेंपरेचर यानी तापमान मापने वाले सेंसर लगे थे। इसे पानी के नीचे जाकर हर 10 दिन में सतह पर ऊपर वापस आकर सैटेलाइट्स को डेटा भेजने के लिए डिजाइन किया गया था। दरअसल, ये एक पुराना तरीका है जो ग्लेशियरों पर जलवायु परिवर्तन के असर को समझने के लिए आमतौर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया की नेशनल साइंस एजेंसी राष्ट्रमंडल वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन चाहती थी कि ये रोबोट टॉटन ग्लेशियर पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव जानने के लिए पुराने मॉडल पर काम करे।



### रोबोट की खोज में क्या निकला?

अचानक प्रकट हुए रोबोट ने बताया कि पूर्वी अंटार्कटिका कैसे प्रभावित हो सकता है? ये रोबोट डेनमैन ग्लेशियर और शैकलटन आइस शेल्फ के नीचे फंस गया था। इस दौरान उसने वही काम किया, जिसके लिए उसे भेजा गया था। बस लोकेशन अलग थी यानी ग्लेशियर अलग था। फिर भी रोबोट ने अपना काम बखूबी पूरा किया। उसने समुद्र तल से लेकर आइस शेल्फ के निचले हिस्से तक पानी के खारेपन और तापमान को मापा।

## 30 बृहस्पति ग्रहों के बराबर हबल ने खोजा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा जवान ग्रह



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने हाल ही में हबल टेलीस्कोप की मदद से ब्रह्मांड में एक विशाल और अनोखे ग्रह निर्माण डिस्क की तस्वीरें साझा की हैं। यह डिस्क, जिसे शोधकर्ताओं ने ड्रैकुला चिविटो का नाम दिया है, अब तक का सबसे बड़ा और सबसे अस्थिर ग्रह निर्माण क्षेत्र माना जा रहा है। यह पहली बार है कि हबल ने इस संरचना को इतने साफ रूप में कैप्चर किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि डिस्क असमान, उथल-पुथल भरा और असामान्य रूप से असममित दिखता है, जो ग्रह निर्माण की प्रक्रियाओं पर अत्यधिक पर्यावरणीय प्रभाव को उजागर करता है।

**पृथ्वी से 1,000 प्रकाश वर्ष दूर :** यह विशाल डिस्क आईआरएएस 23077+6707 नामक एक युवा तारे के चारों ओर फैली हुई है। पृथ्वी से इसकी दूरी लगभग 1,000 प्रकाश वर्ष है। इस डिस्क का आकार हमारे सौरमंडल से लगभग 40 गुना बड़ा है और इसकी लंबाई लगभग 400 अरब मील है। डिस्क केंद्र के प्रकाश स्त्रोत को सीधे देखने से रोकती है, जिससे वैज्ञानिक मानते हैं कि इसके केंद्र में या तो कोई विशाल तारा है या फिर बाइनरी तारा प्रणाली मौजूद है।

### गैस और धूल के घूमते हुए डिस्क से हो रही है विकसित

इस खोज से ग्रह निर्माण की समझ में नई संभावनाएं खुलती हैं। ग्रह प्रणाली गैस और धूल के घूमते हुए डिस्क से विकसित होती हैं। आईआरएएस 23077+6707 जैसे सिस्टम चरम परिस्थितियों में ग्रह निर्माण को देखने का दुर्लभ अवसर प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मूल प्रक्रियाएं समान रह सकती हैं, लेकिन इस डिस्क की असममित संरचना और उथल-पुथल भरे वातावरण से नई सवाल खड़े होते हैं।

## चीन में चाव से खाए जाते हैं काई के पापड़, बीमार नहीं पड़ता कोई

**बीजिंग।** चीन में लोग मूंग या किसी दाल से बनी नहीं, बल्कि काई के पापड़ खाते है। इसे वहां बड़ा पसंद किया जाता है। नदी से ताजा काई जमा कर उसे सुखाया जाता है जिसे लोग सालभर खाते है। ये कई पौष्टिक गुणों की खान है। लोगों का मानना है कि इसकी वजह से वो तंदुरुस्त रहते हैं। चीन में एक अनोखा फूड ट्रेंड लोगों की सेहत का राज खोल रहा है। यहां लोग मूंग, उड़द या किसी दाल से बने पापड़ नहीं खाते, बल्कि नदी से निकाली गई ताजा हरी काई (रिवर अल्गी या ग्रीन अल्गी) से बने क्रिस्पी शीट्स या पापड़ जैसे स्नैक सालभर खाते है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे लोग नदियों से ताजा अल्गी इकट्ठा करते हैं, उसे साफ कर सुखाते हैं और पेपर-थिन शीट्स में बदलकर खाते है। ये 'काई के पापड़' ना सिर्फ स्वादिष्ट हैं, बल्कि पोषण से भरपूर भी है।



## 29 हजार फीट नीचे मिला रहस्यमय जीव

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले एक रहस्यमयी जीव के बारे में अहम जानकारी हासिल की है। यह जीव एलिसिला जिंगेंटिया है, जिसे लंबे समय से बेहद दुर्लभ माना जाता रहा है। नई रिसर्च से पता चलता है कि एलिसिला जिंगेंटिया बहुत दुर्लभ नहीं है, बल्कि सच्चाई ये है कि अब तक इसे ठीक से खोजा ही नहीं जा सका था। करीब 13.4 इंच तक की लंबाई वाले इस जीव के बारे में सामने आया है कि यह समुद्र की सबसे गहरी जगहों में रह रहा है, जो पृथ्वी के कई सबसे रहस्यमयी जीवों का घर है।

रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस और इंडियन डिफेंस रिव्यू में पब्लिश हुई रिसर्च कहती है कि समुद्र की अथाह गहराइयों में रहने वाले एलिसिला जिंगेंटिया के बारे में हमारी समझ को पूरी तरह बदल दिया है। एलियन समझा जाने वाला यह विशालकाय क्रस्टेशियन समुद्र तल पर व्यापक रूप से फैला हुआ है और अच्छी तरह से पनप रहा है। इस नई जानकारी पर वैज्ञानिक भी हैरानी जता रहे हैं।



**बहुत गहराई में रहता है :** शोधकर्ताओं ने पाया कि जिस एलिसिला जिगेंटिया को दुर्लभ माना जाता रहा, वह 13.4 इंच तक बढ़ सकता है और कई महासागरों में 17,400 फीट से लेकर 29,300 फीट या इससे ज्यादा गहराई में मौजूद है। यह बेहद ठंडे तापमान और मुश्किल परिस्थितियों में जीवित रहने में सक्षम है। लंबी दूरी तय करके यह कई महासागरों में फैल गया है। एलिसिला जिगेंटिया को आम भाषा में 'एम्फीपोड' कहा जाता है। यह झींगे जैसा दिखने वाला समुद्री जीव है। कई दशकों तक इसे गहरे समुद्र की अजीबोगरीब प्रजाति माना जाता था।

## अजीबोगरीब नियम, दूसरे प्रांत में शादी की तो लगेगा जुर्माना

**बीजिंग।** एक समय था जब लोग जाति-धर्म को बहुत मानते थे और अलग जाति या धर्म में शादियां करने से कतराते थे, लेकिन अब ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है, पर जरा सोचिए कि अगर आपने दूसरे राज्य की लड़की से शादी कर ली और आपके ऊपर जुर्माना लगाया जाए तो? जी हां, ये चौंकाने वाली बात तो है, लेकिन चीन के एक गांव में ऐसा ही अजीबोगरीब नियम बना है, जिसकी वजह से उसे ऑनलाइन विरोध का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, इस गांव ने शादी के बाहर गर्भधारण करने और शादी से पहले साथ रहने वाले जोड़ों के लिए विवादास्पद जुर्माने लागू किए है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह गांव दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत के लिनकांग में स्थित है।



## आंखों की पुतलियां बताती हैं आपके छुपे मन की बात!

**न्यूयार्क।** आंखों की पुतलियां हमारे अवचेतन मन की भावनाओं और मानसिक स्थिति को दर्शाती हैं, जैसे आकर्षण, तनाव या ध्यान केंद्रित होना, पुतलियों का फैलना या सिकुड़ना पूरी तरह शरीर के नर्वस सिस्टम के कंट्रोल में होता है और इसे हम खुद नियंत्रित नहीं कर सकते है। अध्ययन में सामने आया है कि हमारी आंखों की पुतलियां हमारे अवचेतन मन की प्रतिक्रिया को दिखाती है।



### पुरुषों और महिलाओं के पुतलियों में फर्क

पुरुषों और महिलाओं के पुतलियों की प्रतिक्रिया में फर्क भी पाया गया है। पुरुषों की पुतलियां अक्सर उनकी पसंद और पसंदीदा चीजों के अनुसार फैलती है। वहीं, महिलाओं की पुतलियां अलग-अलग भावनाओं और परिस्थितियों पर ज्यादा संवेदनशील होती है। इसका मतलब यह है कि महिलाओं की पुतलियां अक्सर भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को अधिक स्पष्ट तरीके से दर्शाती है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि बड़ी पुतली का मतलब हमेशा पसंद करना या आकर्षित होना नहीं होता है।

### पुतलियां बड़ी क्यों हो जाती हैं?

विशेषज्ञों के अनुसार, पुतलियों का फैलना सिर्फ आकर्षण या ध्यान केंद्रित करने पर नहीं होता है। यह लड़ने, भागने, भोजन करने या किसी नशीली दवा के असर के दौरान भी हो सकता है। पुतलियों की प्रतिक्रिया हमारे भावनात्मक और मानसिक हालात को दर्शाती है। यदि किसी की पुतलियां सामान्य से बड़ी हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि उनका मन सक्रिय है और वे किसी बात पर ध्यान दे रहे है।



Ajay Advt.



Ajay 9827144371




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com